CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C

मेरठ, मंगलवार 24 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला पेज 2



हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे: सूर्यकुमार यादव खेल टाइम्स



यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे! सम्पादकीय



तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेशी सेना में फेरबदल पेज 12

# देश की पहली आतंकवाद विरोधी नीति जारी, केंद्र ने प्रहार नाम दिया

- आतंकवाद को रोकने और निपटने के लिए व्यवस्थित व खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया
- आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद- विरोधी नीति जारी की। इसमें हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है।

आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। इसमें सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसमें पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है, जो मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित होगा। साथ ही कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति कहती है कि इसका मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है। नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। प्रहार में कहा गया है कि खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना है। नीति में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) की अहम भूमिका बताई गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के तहत काम करने वाली ज्वाइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (जेटीएफआई) का जिक्र किया गया है। जेटीएफआई देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल संपर्क, भर्ती और प्रचार के लिए करते हैं। नीति में कहा गया है कि भारतीय एजेंसियां इंटरनेट के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई करती हैं। सुरक्षा एजेंसियां ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क को भी तोड़ती रहती हैं। इसमें आतंकी फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने पर खास ध्यान दिया गया है। प्रहार में सरकार ने कहा है कि भारत को पानी, जमीन और हवा तीनों मोर्चो पर आतंकी खतरे का सामना है। सीमा सुरक्षा बल आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं। बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमता बढ़ाई गई है। यह नीति ऐसे समय आई है, जब भारत लंबे समय से सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है।

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

## आर्मी पब्लिक स्कूल व एयरफोर्स बाल भारती को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल परिसरों की गहन जांच की गई। एहतियातन दोनों स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया गया और आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला आधारित उद्योग

## 300 किमी दायरे वाले प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने केंद्र व संबंधित राज्यों को दिए अहम निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने वाली धूल और वाहनों के प्रदूषण को लेकर उठाए गए कदमों का ब्योरा मांगा है।

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर एनसीआर में संचालित कोयला आधारित उद्योगों सहित सभी हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। इन नोटिसों को कोर्ट द्वारा भेजा गया नोटिस माना जाएगा और राज्यों को मिले फीडबैक की डिटेल देते हुए एक एक्शन टेकन प्लान जमा करने को कहा गया है। इसमें केंद्र सरकार के मंत्रालयों को एनसीआर के अंदर कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को धीरे-धीरे खत्म करने के मकसद से एक संयुक्त प्रस्ताव जमा करने को कहा गया है। बेंच ने आदेश दिया, प्रस्ताव में सबसे पहले इंडस्ट्रीज की पहचान की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि उनके लिए कौन से वैकल्पिक ईंधन स्रोत दिए जा सकते हैं। बेंच ने दिल्ली सरकार को सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए इन लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन को लागू करने के लिए एक खास एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया।बेंच ने कहा कि कमीशन ने उन संबंधित एजेंसियों की पहचान की है, जिनसे एक्शन लेने की उम्मीद है। इसलिए हम दिल्ली सरकार को इन उपायों को लागू करने के लिए एक प्रपोज्ड एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश देते हैं। इस दौरान दिल्ली- एनसीआर में वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ने का सवाल भी उठा। बेंच ने कहा कि इसका परीक्षण किए जाने की जरूरत है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख तय की है।

### मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी, अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी। दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपाइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि अदानी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं।



### शीर्ष अदालत ने तिरुपति लड्डू मामले में जांच समिति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं के घी में मिलावट की जांच के लिए एक-सदस्यीय जांच समिति बनाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डा. सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में कहा गया था कि अगर राज्य समानांतर रूप से जांच करता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आपराधिक जांच में खलल पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दोनों ही प्रक्रियाएं कानून के हिसाब से चलती रहनी चाहिए।

# योगी के सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6650 करोड़ का निवेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निवेश ग्रुप हाउसिंग लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित, तीन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर



**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़ी निवेश उपलब्धि हासिल हुई है।

सिंगापुर स्थित यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ कुल 6,650 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों के अनुसार ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, इन परियोजनाओं के माध्यम से 20 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य सरकार की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे की जानकारी दी तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन -शेष पृष्ठ दो पर

## तेजस विमान में तकनीकी खराबी आई थी, दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ: एचएएल

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायुसेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायुसेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उड़ान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया।

## घाटी में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 आतंकी ढेर

- सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकियों को किया ट्रैक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्ट्टीयूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई- एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है, तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया कि ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता। भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं।




## भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में दो और प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई प्रदर्शन से जुड़े प्रकरण में की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय अजय कुमार विमल और 24 वर्षीय राजा गुर्जर के रूप में हुई है। बता दें इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इससे पहले चार प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पहले गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं में बिहार से यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि, बिहार के आईवाईसी प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के आईवाईसी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना के नरसिम्हा यादव शामिल हैं। दिल्ली पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर देश विरोधी नारे लगाए।

# 'मोहम्मद दीपक' को राहुल गांधी ने गले लगाया

## कहा: कोटद्वार जाकर लेंगे दीपक के जिम की सदस्यता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कोटद्वार में रहने वाले 'मोहम्मद दीपक' ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और बताया कि श्री गांधी ने उनसे कोटद्वार आकर उनके जिम की सदस्यता लेने का वादा किया है।

दीपक पिछले दिनों तब चर्चा में आए जब कोटद्वार में एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम से 'बाबा' शब्द हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया था उस दौरान दीपक ने इसका विरोध किया। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने उनसे उनका नाम पूछा तो दीपक ने अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताया था। श्री दीपक ने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था और समझाया कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। श्री गांधी से 10 जनपथ में मुलाकात के बाद दीपक ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। उन्होंने मेरे परिवार से बात की और मुझे समझाया कि डरने की कोई जरूरत नहीं, आपने -शेष पृष्ठ दो पर

### एनएसयूआई के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने उन्हें सुबह मिलने का समय दिया था। श्री जाखड़ की एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राहुल गांधी से यह पहली मुलाकात है। उनका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। श्री जाखड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष थे। पार्टी ने हाल में ही उन्हें अपनी छात्र ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### पाल हत्याकांड के फरार शूटरों पर एक और मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के फरार शूटरों के विरुद्ध सोमवार को एक और मुकदमा दर्ज किया गया। पांच-पांच लाख रुपये के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम उर्फ गुड्डू बमबाज, अरमान और साबिर के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में अदालत की अवमानना से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने स्वयं वादी बनकर प्राथमिकी दर्ज कराई। उनके अनुसार न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने और उद्घोषणा की कार्रवाई के बावजूद आरोपित न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

### युवाओं को हिरासत में लेना निंदनीय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- दिल्ली पुलिस द्वारा युवा कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह सरकार भूल गई है कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा है, अपराध नहीं। उन्होंने प्रदर्शन करने वाले युवाओं की पीठ थपथपाई और कहा ष्हमारे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मिलीभगत को बहादुरी से उजागर किया। यह शांतिपूर्ण तरीके से किया गया प्रदर्शन था जिसमें किसी भी तरह से कहीं कोई हिंसा नहीं थी। यह हिरासत पूरी तरह से अवैध है। हम मांग करते हैं कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और सभी आरा.प वापस लिए जाएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी

# सरकार कर रही विकास, महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नवनिर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका, देश के शीर्ष राज्यों में शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम चिट्ठी लिखकर सरकार की उपलब्धियों, युवाओं- महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को प्रमुखता से रखा है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नव-निर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका है और सुशासन व समावेशी नीति के बल पर प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और अन्नदाताओं को प्रदेश की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पत्र में युवाओं के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स, एक्सीलेंस सेंटर, टेक युवा-समर्थ युवा योजना और एआई मिशन जैसी पहलों का उल्लेख किया गया है। साथ ही स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले बुनियादी सुविधाओं के अभाव में छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब बेटियों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते, स्वेटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना और महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजनाओं के जरिए माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। श्रमजीवी महिला छात्रावासों की स्थापना से छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिला पेंशन के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सहायता राशि बढ़ाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिजली कटौती की समस्या व्यापक थी, लेकिन अब लाखों किसानों को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था को भी सरकार की प्राथमिकता बताया गया है। पत्र में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं व स्मारकों के विकास के लिए बजट प्रावधान का उल्लेख किया गया है।

### सिंगापुर में जल की व्यवस्था भी देख कर आएं मुख्यमंत्री: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे को लेकर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुख्यमंत्री 'माधुर्य-प्रवास' पर सिंगापुर जा रहे हैं, तो वहां की जल व्यवस्था भी देखकर आएं। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि सिंगापुर में जल की धाराएं कितनी आकर्षक और सुव्यवस्थित होती हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में पानी अक्सर फटी टंकियों और टूटे पाइपों से बहता नजर आता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को यह देखकर आश्चर्य होगा कि बेहतर योजना और प्रबंधन से जल संसाधनों को किस तरह दर्शनीय बनाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## बेरोजगार पत्नी बेकार नहीं उसका काम मूल्यवान श्रम

नई दिल्ली, वार्ता



■ उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलत: दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है कि गृहिणी का काम बेकार नहीं है, बल्कि मूल्यवान श्रम है, जिसे मेंटेनेंस तय करते समय महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पढ़ी-लिखी पत्नी भी भरण-पोषण की हकदार है, क्योंकि पति उसके त्याग का फायदा नहीं उठा सकता। उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलत है।

कोर्ट ने कहा कि घर चलाना बच्चों की देखभाल करना और परिवार को सपोर्ट करना, ये सभी मेहनत के काम हैं। भले ही उन्हें पैसे न मिलते हों और अक्सर उन्हें माना भी न जाता हो, घर पर पत्नी का काम करने से कमाने वाला पति अपने करियर में अच्छे से काम कर पाता है और मेंटेनेंस तय करते समय इस काम को नजरअंदाज करना असलियत से परे और गलत होगा। कोर्ट ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि सिर्फ इसलिए मेंटेनेंस देने से मना किया जा सकता है, क्योंकि एक महिला पढ़ी-लिखी है और कमाने में काबिल है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि कमाने की काबिलियत और असल कमाई कानून के तहत अलग-अलग बातें हैं। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया, जहां एक कपल ने 2012 में शादी की थी और पति ने कथित तौर पर 2020 में अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। निचली अदालतों ने महिला को इस आधार पर अंतरिम मेंटेनेंस देने से मना कर दिया था कि वह ठीक-ठाक और पढ़ी-लिखी है, लेकिन उसने काम न करने का फैसला किया था।

हाई कोर्ट ने इन ऑर्डर को रद्द कर दिया और घरेलू हिंसा से महिलाओं के प्रोटेक्शन एक्ट के तहत उसे 50000 दिए। कोर्ट ने आगे कहा कि भारतीय समाज में शादी के बाद महिलाएं अक्सर अपने करियर को छोड़ देती हैं और पति बाद में इस त्याग को अपनी पत्नियों को जानबूझकर बेरोजगार कहकर गुजारा भत्ता देने से बचने के हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि एक होममेकर बेकार नहीं बैठती, वह ऐसा काम करती है जिससे कमाने वाला पति/पत्नी अच्छे से काम कर सके।

## चोले की आड़ में सनातन धर्म को नष्ट कर रहे कुछ लोग

वाराणसी, वार्ता



■ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया आरोप

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ प्रयागराज में मुकदमा दर्ज होने के बाद सोमवार को उनका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए कुछ लोग चोला पहनकर आ गए हैं।

समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है, जो कहानी गढ़ी गई है, वह पूरी तरह झूठ है। पुलिस की जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। ढोंग और पाखंड का अंत एक दिन अवश्य होगा। शंकराचार्य ने आगे कहा कि मेरी ओर से पुलिस को पूरा सहयोग रहेगा। यदि फिर भी गिरफ्तारी होती है, तो इसका मतलब है कि कालनेमी-शंकराचार्य का अपमान करना चाह रहा है। मेरे लिए तीन कोर्ट हैं। पहली निचली कोर्ट जनता है, जो सब देख और जान रही है। दूसरा मिडिल कोर्ट यानी हाई कोर्ट है, जो मेरा हृदय है, मैं जानता हूं सत्य क्या है।

उन्होंने स्पष्ट किया, हम उनके सारे प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार बैठे हैं। वे चाहें तो मठ आकर प्रश्नोत्तर कर सकते हैं, नहीं तो कहीं ले जाकर करना चाहें, तो वह भी कर सकते हैं, जो हिस्ट्रीशीटर हैं, वे खुलेआम घूम रहे हैं। गो माता की रक्षा को लेकर जो संकल्प लिया गया था, उसमें बाधा डालने के लिए कुछ राक्षसी प्रवृत्ति के लोग सामने आ गए हैं।

### कफ सिरप की खरीद- बिक्री के मामले में एक पकड़ा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की सारनाथ पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के मामले में लिप्त राजा मेडिकल एंड सर्जिकल एजेंसी के संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज जिले के मुठीगंज निवासी सत्येंद्र कुमार साहू को रविवार रात पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कोडीनयुक्त कफ सिरप के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल और शैली ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर भोला जायसवाल के साथ मिलकर सत्येंद्र कुमार साहू यह काला कारोबार चला रहा था। उसने शैली ट्रेडर्स से लगभग 65 लाख रुपये मूल्य की कोडीनयुक्त कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की। पीडी फार्मा के माध्यम से उसने इस सिरप की खरीद-बिक्री की।

## दरोगा व सिपाही ने वायुसैनिक को पीटा

कानपुर, वार्ता

■ कानपुर में हवालात में बंद किया, कान परदा फटा

उत्तर प्रदेश में कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में छुट्टी पर घर आए वायु सैनिक के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है।

पुलिसकर्मियों ने वायुसैनिक को हवालात में बंद कर इस कदर पीटा कि उसके कान का पर्दा फट गया जिसका इलाज एयरफोर्स हास्पिटल में चल रहा है। पीड़ित कारपोरल नितिश सचान ने पुलिस उपायुक्त दक्षिण को दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि वह जामनगर वायुसेना स्टेशन पर तैनात है और छुट्टी में घाटमपुर जिले में स्थित अपने गांव देवमनपुर आया है। पिछली 19 फरवरी को वह अपने धीरेन्द्र साहू के साथ एक विवाह समारोह से पैदल ही लौट रहा था कि रास्ते में घाटमपुर क्रासिग के पास थाने में तैनात दरोगा रविन्द्र बुंदेला और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने उन्हे रोका और देर रात सड़क पर होने की वजह पूछी। पीड़ित के अनुसार उसने अपना परिचय दिया और शादी से लौटने की बात की जिस पर दरोगा ने उससे कहा कि फौजी तो चोर होते हैं। विरोध करने और घटना का वीडियो बनाने पर दरोगा भड़क गया और कालर पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। वायुसैनिक ने बताया कि पुलिसकर्मी उसे पकड़ कर थाने ले आए और हवालात में बंद कर एक के बाद एक 70-75 थप्पड़ मारे, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया। अगले दिन 20 फरवरी की शाम हालत बिगड़ने पर उसे छोड़ दिया गया।

### देसी नस्ल की गाय खरीदने पर मिलेंगे 40 हजार रुपये: धर्मपाल

**लखनऊ ।** यूपी के पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने पशुपालकों के लिए सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित गोधन समागम कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की और कहा कि उत्तर प्रदेश में देसी नस्ल की एक गाय खरीदने पर सरकार की तरफ से 40000 और दो गाय खरीदने पर 80000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे यूपी में दूध का उत्पादन बढ़ेगा और पशुपालक भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे। गोधन समागम-2026 में लगभग 1000 किसान और प्रदेश के सभी जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी सभागार में वेब कॉस्टिंग के माध्यम से लाखों किसान व आम लोग यूट्यूब के माध्यम से जुड़े।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83294.66
निफ्टी 25713



सोना 158428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 265550
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका में आयात शुल्क में कमी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स 47995 अंक (0.58 अंक) की बढ़त में 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत ऊपर 25,713 अंक पर बंद हुआ।

सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय कंपनियों और एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी, रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी समूहों के सूचकांक टूट गए। मझौली कंपनियों में बिकवाली और छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत फिसल गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पिछले साल विभिन्न देशों पर लगाए गए आयात शुल्क की ऊंची दरों को अवैध बताते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके बाद श्री ट्रम्प ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का समान आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जिसके बारे में व्हाइट हाउस ने आदेश भी जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि नई दर 24 फरवरी से लागू होनी है। हालांकि राष्ट्रपति ने 21 फरवरी को आयात शुल्क 15 प्रतिशत करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बारे में अबतक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। अमेरिका में आयात शुल्क में कमी की घोषणा से भारतीय शेयर बाजारों में भी निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर लगभग तीन प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.25 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच बढ़त रही। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस में दो प्रतिशत के करीब गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया।

### सोना 1.58 लाख पर पहुंचा चांदी 15 हजार महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,362 रुपए बढ़कर 1,58,428 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,55,066 रुपए पर था। एक किलो चांदी की कीमत भी 15,236 रुपए बढ़कर 2,65,550 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,50,314 रुपए किलो थी। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने-चांदी कीमतें और बढ़ सकती हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,000 रुपए और चांदी 35,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी (यूबीएस) के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है। यूबीएस को पूरा भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी।

## चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं के दाम में गिरावट देखी गई। दालों और चीनी की कीमत बढ़ गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 81 रुपये बढ़कर 3,846 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं का भाव 32 रुपये घटकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटा भी 38 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 120 रुपये और मसूर दाल की 116 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 59 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट टूटकर 4,084 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत की गिरावट में 59.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 148 रुपये और सोया तेल की 115 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सूरजमुखी तेल में 25 रुपये और सरसों तेल में 17 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 38 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7770.63 रुपये, मसूर काली 8090.12 रुपये, मूंग दाल 10125.42 रुपये, उड़द दाल 10686.38 रुपये, तुअर दाल 11125.75 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2846.62 रुपये और चावल 3845.72 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3303.78 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4290.57 रुपये और गुड़ 4959.57 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी के...**

दिया। पहले एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकट 100 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय थीम आधारित ग्रुप हाउसिंग टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 12,000 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। परियोजना को वर्ष 2027 में शुरू करने की योजना है।

दूसरे समझौते के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। 650 करोड़ रुपये के निवेश से प्रस्तावित इस परियोजना से करीब 7,500 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे भी वर्ष 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। तीसरे एमओयू के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। 2,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना से लगभग 1,500 रोजगार सृजित होंगे। इसे वर्ष 2028 में शुरू किए जाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश को देश के अग्रणी डेटा सेंटर हब तथा औद्योगिक निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सिंगापुर दौरे के पहले दिन हुए ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, शहरी विकास को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं।

**'मोहम्मद दीपक'....**

कोई गलत काम नहीं किया है। राहुल जी ने ये भी कहा कि वे कोटद्वार आकर मुझसे मिलेंगे और मेरे जिम की मेंबरशिप लेंगे। श्री दीपक ने बताया कि श्री गांधी ने उन्हें 10 जनपथ मिलने के लिए बुलाया गले लगाकर उनके साहस की जमकर तारीफ की। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक एक्स पेज पर उनके गले मिलने की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा दो भाई-मोहब्बत के सिपाही। मोहम्मद दीपक ने एकता, भाईचारे और हिम्मत की वो मिसाल पेश की है, जो देश के हर युवा को अन्याय और नफरत के खिलाफ लड़ने का हौसला देगी। दीपक 'मोहब्बत की दुकान' के योद्धा हैं-पूरे देश को इन पर गर्व है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर दीपक से मुलाकात के बाद लिखा कि हर इंसान, एक समान, यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई 'मोहम्मद दीपक' से मुलाकात-एकता और साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए।

## इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन की सराहना भी की। अब्दुल्ला वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की उस टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें सुझाव दिया गया था कि गांधी के बजाय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के छठे आयोजन की शुरूआत के बाद पत्रकारों से कहा कि इंडिया गठबंधन में अब तक ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए मुझे नहीं पता कि इस प्रस्ताव पर कहां चर्चा हो रही है। अय्यर ने अपनी निजी राय दी है। उन्हें अपनी राय देने का अधिकार है। अब्दुल्ला ने कहा कि राय व्यक्त करना लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है, लेकिन कोई भी अंतिम निर्णय सामूहिक होगा। उन्होंने कहाकि कोई यह नहीं कह सकता कि अय्यर को बोलने का अधिकार नहीं है। लेकिन अंत में, जब कोई निर्णय लिया जाएगा, तो वह इंडिया गठबंधन का होगा। सभी साथ मिलकर इस पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन की बैठकों के एजेंडे में नेतृत्व कभी शामिल नहीं था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बदलाव का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने कहा कि अब तक इंडिया गठबंधन की किसी भी बैठक में नेतृत्व के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए अब्दुल्ला ने ऐसी मांगों के आधार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने में राहुल गांधी में क्या कमी थी? वह ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा भाजपा को निशाना बनाते हैं। वह हमेशा भाजपा का विरोध करते हैं और हर बात पर सरकार से सवाल पूछते हैं। अब्दुल्ला ने इसे विपक्ष की मौलिक जिम्मेदारी बताते और कहा कि विपक्ष के नेता का यही काम है। आप गांधी से इससे ज्यादा और क्या चाहते हैं? कभी-कभी कांग्रेस चुनावों में सफल नहीं होती है, लेकिन इंडिया गठबंधन का काम सरकार को जवाबदेह ठहराना और भाजपा का विरोध करना है। गांधी इसमें कहां पीछे रहे? मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि शीतकालीन खेलों के लिए देश में गुलमर्ग का कोई मुकाबला नहीं है, लेकिन बदलते मौसम के मिजाज शीतकालीन खेलों और पर्यटन के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठी बार गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानने का एकमात्र तरीका है कि आपको शीतकालीन खेलों के लिए इस देश में इससे बेहतर जगह नहीं मिलेगी, लेकिन यह भी सच है कि मौसम की स्थिति बदल रही है। फरवरी में हम गुलमर्ग में इतनी गर्मी की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन यह हकीकत है और हमें इसे स्वीकार करना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि भविष्य की योजना बनाते समय जलवायु की वास्तविकताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

### यूपी चुनाव 2027 से पहले 'राम' पार्टी का ऐलान

**वृंदावन।** यूपी के चर्चित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने वृंदावन से अपनी नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर दी है। हुंकार भरते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी पार्टी का नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आर.ए.एम) का ऐलान किया है। इस दौरान पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह का पोस्टर भी जारी किया गया है। समर्थकों की मौजूदगी में की गई इस घोषणा को आगामी चुनावी समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। बता दें कि अलंकार अग्निहोत्री ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी के नए नियम से जुड़े विवाद को लेकर अपने सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पूर्व में ही पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस बात की घोषणा की थी कि सोमवार को वृंदावन की पावन धरा से नई राजनीतिक पार्टी के नाम का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

# कपड़ा व्यापारी को सूरत में बंधक बनाने का आरोप

**पत्नी ने एसएसपी से सुरक्षा की लगाई गुहार**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के एक कपड़ा व्यापारी को सूरत में बंधक बनाने का मामला सामने आया है, जिसकी पत्नी ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंच कर मदद की गुहार लगाते हुए उसके पति को बंधक बनाने वाले सूरत के कपड़ा व्यापारी के ऊपर पति को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकनगर की रहने वाली अंजुम पत्नी मोहम्मद वसीम ने एसएसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसका पति मोहम्मद वसीम कपड़े का कारोबार करता है। बीती 25 जनवरी को सूरत के एक कपड़ा व्यापारी ने उसके पति वसीम को फोन करके अपने पास बुलाया था। पत्नी अंजुम ने बताया कि वसीम उस व्यापारी पर भरोसा करके सूरत चला गया, लेकिन उसके बाद उसका परिवार से संपर्क टूट गया। अंजुम ने आरोप लगाया है कि सूरत के व्यापारी ने उसके पति को बंधक बना लिया है, जो कि उसको छोड़ने के लिए पैसों की डिमांड कर रहा है, और डिमांड पूरी न होने पर वसीम को जान से मारने की धमकियां दे रहा है, जिसकी वजह से पूरा परिवार डरा और सदमे में है, अंजुम ने थाना पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। थाने में सुनवाई न होने की वजह से उन्होंने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने, वसीम को सकुशल बंधन मुक्त कराने के अलावा आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वहीं पूरे मामले की सुनवाई करने के बाद एसएसपी ने वसीम के परिजनों को आश्वासन दिया है।

# सरधना में बीजेपी नेत्री की फेसबुक पोस्ट पर अश्लील टिप्पणी

## शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी, कार्यकर्ताओं ने किया विरोध, मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेरठ में आयोजित रैली में शामिल होकर सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करना एक बीजेपी नेत्री को भारी पड़ गया। फेसबुक पोस्ट पर एक युवक ने न सिर्फ भद्दी बल्कि अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। विरोध करने और पुलिस में शिकायत की बात कहने पर आरोपी ने कथित रूप से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार सुबह भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद जैन के नेतृत्व में महिला मोर्चा की नगर उपाध्यक्ष उमा त्यागी थाने पहुंचीं और तहरीर दी। उन्होंने बताया कि रविवार को वह पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ मेरठ में प्रधानमंत्री की रैली में शामिल हुई थीं। कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर साझा की थीं। आरोप है कि गांव नाहली निवासी दुष्यंत ठाकुर ने अपनी फेसबुक आईडी से पोस्ट पर अश्लील, अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की। इतना ही नहीं, जब नेत्री ने इस पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की चेतावनी दी, तो आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल कर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दुष्यंत ठाकुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे हिरासत में लिया जाएगा। थाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी सोम, शालिनी सैनी, गौरव जैन, एडवोकेट वीरेन्द्र सैनी, मुदित माहेश्वरी, दीपक विश्वकर्मा, मोहित ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि सोशल मीडिया पर महिलाओं के प्रति अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणिया बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस मामले को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा का बाजार गर्म है।

## सरकारी हैंडपंप से पानी भरने गई किशोरी को कमरे में खींचकर दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सरकारी हैंडपंप पर पानी लेने गई किशोरी को बहुसंख्यक वर्ग के युवक ने कमरे में खींचकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़िता के भाई ने थाने में गांव के ही निखिल के खिलाफ पोक्सो व दुष्कर्म करने की कोशिश के आरोप में प्राथमिकी कराई है। क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने पुलिस में दर्ज प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 14 वर्षीय बहन पड़ोस के ही निखिल के घर में लगे सरकारी हैंडपंप से पानी लेने गई थी। निखिल ने उसकी बहन को जबरदस्ती कमरे में खींचकर ले गया, वहां पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी ने उसके हाथ बांधकर मुंह में कपड़ा ठूस दिया व पड़ोस की ही पिंकी से ताला मांगकर कमरे का ताला लगाकर फरार हो गया। किशोरी के घंटों वापस नहीं आने पर उसकी बहन ने जैसे तैसे मुंह से कपड़ा हटाकर शोर मचा दिया। इस दौरान पीड़िता किशोरी की भाभी ने कमरे में बंद देख शोर मचाते हुए अपने पति को मौके पर बुला लिया। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह का कहना है कि आरोपी निखिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# भाजपा के दिग्गजों ने अमित अग्रवाल को केक खिला कर दी जन्मदिन की मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट से भाजपा के विधायक अमित अग्रवाल सोमवार के दिन सुबह से ही जनता के बीच रहे उन्होंने रैपिड ट्रेन का सफर आम जनता के साथ बैठकर गाजियाबाद तक किया। उसके बाद वह लोगों की जन समस्या सुनते हुए घर लौटे।

सोमवार को कैंट विधायक अमित अग्रवाल का जन्म दिवस रहा इसलिए भाजपा के दिग्गज नेताओं ने अमित अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्म दिवस की मुबारकबाद दी और सभी ने मिलकर केक कांटा और उन्हें खिलाया। इस दौरान नजारा देखने लायक था मेरठ के भाजपा के सभी दिग्गज एक साथ दिखाई दिए। प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, महापौर हरिकांत अहलूवालिया एवं एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधि, सहयोगी एवं कार्यकर्ता उनके निजी निवास स्थान पर पहुंचे और केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। अमित अग्रवाल ने सभी के स्नेह, विश्वास और समर्थन को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि वे सदैव जनहित एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# रणवीर दहिया के सदस्यता अभियान की बदोलत सिवाल में मजबूत हुई रालोद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को मेरठ नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली को और भी पास कर दिया है। इस दौरान जनसभा में रालोद नेता रणवीर दहिया ने जयंत चौधरी के नारे लगाए।

रणवीर दहिया ने सिवाल में रालोद को मजबूत करने का काम किया है उनके सदस्यता अभियान ने लोकदल की जड़े और भी मजबूत कर दी है। सिवाल खास विधानसभा के लोग भी उनका सम्मान करते है। फिलहाल रणबीर दहिया को उम्मीद है कि रालोद से इस बार उनका टिकट होगा और वह लंबे समय से एक सक्रिय सदस्य और पदाधिकारी के रूप में काम करते आ रहे हैं। वह प्रतिदिन लोगों के बीच रहकर पार्टी की नीतियों से अवगत करा रहे हैं और चौधरी परिवार के साथ उनका पुराना नाता है यह बात किसी से छुपी नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैपिड ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर सिवाल खास विधानसभा को बड़ी तरजीह दी है उन्होंने गुलाम मोहम्मद को भी मंच पर जगह दी। फिलहाल दो धुरंदर अपने-अपने लिए टिकट की मांग कर रहे है रणवीर दहिया को पूरा भरोसा है कि इस बार उन्हें रालोद टिकट देकर विधानसभा लड़ने का मौका देगी। वह बीते कई महीनों से हर रोज अनगिनत लोगो से मिलते है और सिवालखास की जनता को रालोद से जोड़ रहे है। रणवीर दहिया की जाट समाज के साथ मुस्लिमो में ही मजबूत पकड़ मानी जाती है। वहीं वह सर्व समाज के साथ काम करने वाले व्यक्ति है जिसकी वजह से सिवालखास में उनका नाम भी टिकट की दौड़ में मजबूत माना जा रहा है। वही उनके समर्थकों का कहना है कि रालोद से इस बार रणबीर दहिया विधानसभा के प्रत्याशी होंगे।

## किठौर रेस्टोरेंट में युवती से दुष्कर्म का वीडियो वायरल, परिजनों ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक किठौर के एक रेस्टोरेंट में एक युवती के साथ दुष्कर्म करता दिख रहा है। इस मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो में दिख रही युवती किठौर के एक स्कूल की छात्रा है। कस्बे का ही जैद नामक युवक उसे मेन बाजार फव्वारा चौक के सामने स्थित किट्टू रेस्टोरेंट ले गया। वहां खान-पान के बाद युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। आरोपी जैद ने यह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को दोबारा बुलाने का प्रयास किया। युवती के इंकार करने पर आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि यह मामला लगभग एक सप्ताह पुराना है। मुकदमा दर्ज किया गया है।

# धर्म के नाम पर सब्जी विक्रेता से मारपीट कर रिक्शा नाले में धकेला

**पीड़ित के रूपये छीने, रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**



गुहार लगाता पीड़ित।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** जनपद मेरठ के थाना किठौर के सादुल्लापुर बांगर में धर्म के नाम पर एक सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट की गई। हमलावरों ने उसके रुपए छीन लिए और रिक्शा भी नाले में धकेल दिया।

पीड़ित ने इस मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। महलवाला निवासी अब्दुल बासिद पुत्र सलीमुद्दीन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार को वह पड़ोसी गांव सादुल्लापुर बांगर में सब्जी बेचने गया था। दोपहर करीब 12:30 बजे उसी गांव का मोहित पुत्र बिजेंद्र उसके पास पहुंचा। मोहित ने बासिद से जातिसूचक शब्द कहते हुए पूछा कि वह यहां सब्जी बेचने क्यों आया है। उसने कहा, हमारे गांव में मुल्लाओं का सब्जी बेचना मना है। यह कहते हुए मोहित उसका रिक्शा लेकर चलने लगा। जब बासिद ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसका रिक्शा नाले में धकेल दिया। इसके बाद मोहित ने बासिद की पिटाई की और उसकी जेब से रुपए भी निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित अब्दुल बासिद थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नमो भारत रैपिड रेल मेरठ के विकास युग का शुभारंभ: कैंट विधायक अमित अग्रवाल

**जनता के बीच रैपिड ट्रेन का सफर करने निकले भाजपा विधायक, आम लोगों के साथ लाइन में खड़ा होकर खरीदा टिकट**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रेन का शुभारंभ किया। जिसके बाद मेरठ की जनता में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। सोमवार को जनता की खुशी में शामिल होने के लिए भाजपा के केंट विधायक अमित अग्रवाल रेपिड ट्रेन का सफर करने निकले इस दौरान उन्होंने आम लोगो की लाइन में खड़े होकर काउंटर से टिकट खरीदा और जनता के बीच बैठकर गाजियाबाद तक सफर किया। इस दौरान लोगो ने अमित अग्रवाल को देखकर सेल्फियां ली वहीं अमित अग्रवाल ने लोगो से इस नए अनुभव के बारे में वार्ता की। अमित अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा लोकार्पित 'नमो भारत रैपिड रेल' परियोजना ने मेरठ सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। यह परियोजना केवल एक परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की प्रगति, तकनीकी दक्षता और दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रतीक है। यात्रा के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा इस अत्याधुनिक सेवा के माध्यम से क्षेत्र को मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक ही स्टेशन एवं एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल का सफल संचालन देश के बुनियादी ढांचे में आए व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है। इससे मेरठ का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा, जिससे व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। यह परियोजना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ आमजन के समय और संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित करेगी। अमित अग्रवाल ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल विकसित भारत के संकल्प की ठोस अभिव्यक्ति है। यह परियोजना मेरठ को आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली से जोड़ते हुए आने वाले वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बिना कोचिंग के जेईई मेन में चमके सीवीपीएस के छात्र

## विद्यालय के 20 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मारी बाजी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंत्री ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि बिना कोचिंग के इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना विद्यार्थियों की लगन और विद्यालय की गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय, जो कि CBSE से संबद्ध है, के छात्रों में आदर्श सिंह ने 99.43 पर्सेंटाइल, देव ने 99.01, श्रेयांश ने 98.96, अनिकेत ने 97.65 तथा अन्य विद्यार्थियों ने भी 95 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। सभी छात्रों ने नियमित कक्षाओं और विद्यालयी मार्गदर्शन के आधार पर यह सफलता हासिल की। प्रबंधन के अनुसार चयनित छात्रों को विभिन्न संस्थानों से कुल लगभग 27 लाख 46 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ओपी अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना और शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।

# आरजू रिजवी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हुआ जोरदार स्वागत

## लावड़-फलावदा सहित कई जगह पर लोगों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए फलावदा निवासी मौ. आरजू रिजवी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है।

पवन कुमार वर्मा ने कहा कि आरजू रिजवी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को मजबूती प्रदान करेंगे। चिराग पासवान की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। आरजू रिजवी ने कहा कि वह जल्द संगठन को मजबूत करने के लिए जिले में सदस्यता अभियान चलाएंगे और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने का कार्य करेंगे। इस दौरान लावड़ फलावदा सहित कई जगह उनका समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान दानिश मंसूरी, सलमान, शीबू, अनीस, दिलशाद, शुभम, रेहान, आस मौहम्मद, रहीसुद्दीन, सुहैल, राजू आदि ने बधाई दी।

## मकान के विवाद में मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** फतेहपुर नारायण में मकान निर्माण करा रहे युवक के साथ चचेरे भाईयों ने मारपीट कर दी, पीड़ित ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। संदीप कुमार पुत्र बलराज सिंह निवासी फतेहपुर नारायण ने सोमवार को थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह बच्चों की पढ़ाई की वजह से साउथ एक्स जागृति विहार मेरठ में रहता है। गांव में उसकी मम्मी रहती है। संदीप ने बताया कि वह गांव में भी मकान बना रहा है। रविवार को उसके चचेरे भाई सुनील पुत्र श्यौराज ने मकान की पिछली दीवार को अपनी बताते हुए बेटों विकास और विजय को साथ लेकर मिस्त्रियों के साथ गाली-गलौच की। शाम को प्रधानमंत्री की रैली से लौटने पर मिस्त्रियों ने संदीप को बताया। आरोप है कि तभी तीनों पिता-पुत्र आ धमके और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। संदीप ने अपनी मम्मी को साथ लेकर घर का दरवाजा बंद कर लिया। आरोपी दीवार फांदकर संदीप के घर में घुस आए और संदीप व उसकी मम्मी के साथ मारपीट की।

## सुभारती महोत्सव-2026 में भव्य अवार्ड सेरेमनी एवं ग्रैंड गाला ईवनिंग

# डॉ. अतुल कृष्ण की शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा से सजा सुभारती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती ग्रुप के अंतर्गत आने वाले एक और विश्वविद्यालय, रास बिहारी बोस सुभारती विश्व विद्यालय देहरादून में आयोजित सुभारती महोत्सव-2026 के अंतर्गत फ्रेशर एवं फेयरवेल समारोह के साथ भव्य अवार्ड सेरेमनी और ग्रैंड गाला ईवनिंग का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और युवा ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन के प्रेरक नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. हिमांशु ऐरन का संदेश था कि सुभारती विवि केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहां शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रीय चरित्र का विकास समान रूप से होता है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत किया है। प्रति कुलपति प्रो. डॉ. देश दीपक के मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किया गया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। महोत्सव के अंतिम दिवस आयोजित अवार्ड सेरेमनी में विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य मंच पर प्रतिभाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन, नृत्य, शायरी, कविता-पाठ, फैशन शो, स्टैंडअप कॉमेडी और बैंड परफॉर्मेंस ने शाम को यादगार बना दिया। विशेष आकर्षण रहा संकल्प खेतवाल एवं उनकी बैंड की सुरमयी प्रस्तुति ने समूचे वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। आकाशवाणी देहरादून के सनावर अली खान ने अपना मनमोहक सूफी कलाम प्रस्तुत कर महफिल में चार चांद लगाए। मुख्य अतिथि अनिल गोयल, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखंड ने अपने प्रेरक संदेश द्वारा अपना भाव व्यक्त करते हुए कहा युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक पूंजी है। सुभारती विवि जिस प्रकार शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश कर रहा है, वह उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. माधुरी बर्थवाल पद्मश्री सम्मानित लोक गायिका ने भारतीय लोक संस्कृति के संरक्षण को युवा पीढ़ी का कर्तव्य बताया तथा सुंदर लोकगीत गायन किया। डॉ. दीप्ति रावत, महामंत्री भाजपा, उत्तराखंड ने छात्राओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मिस इंद्राणी पांधी फिल्म अभिनेत्री एवं सोशल वुमेन एंटरप्रेन्योर ने आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए सुभारती विवि की सराहना की। कार्यक्रम की गरिमा को विशिष्ट अतिथियों राज्यपाल नामिल बीओजी सदस्य मेजर जनरल असवाल, ट्रस्ट निदेशक ब्रिगेडियर वी पी सिंह आदि रहे।

# मोमबत्ती गिरने से लगी आग में मासूम बच्चे की जलकर मौत

## पांचली बुजुर्ग में हुई दिल दहला देने वाली घटना, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव में सोमवार की अल सुबह एक दर्दनाक हादसे में तीन माह के मासूम कृष्णा पुत्र साजन की आग में झुलसकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा कमरे में बिस्तर पर लेटा हुआ था। उसकी मां अनीता बच्चों को कमरे में छोड़कर पशुओं को चारा डालने बाहर गई थी। इसी दौरान कमरे में जल रही मोमबत्ती अचानक बिस्तर पर गिर गई, जिससे बिस्तर में आग लग गई। आग तेजी से फैल गई और मासूम लपटों की चपेट में आ गया।

मां जब वापस लौटी तो कमरे में धुआं और आग देख उसकी चीख निकल पड़ी। तब तक मासूम बुरी तरह झुलस चुका था और उसने दम तोड़ दिया था। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



**घटना के बाद विलाप करते परिजन व इनसेट में बुरा तरह जला हुआ मासूम का शव।**

मृतक के पिता मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। घर पर मां अनीता अपने अन्य चार बच्चों के साथ अकेली रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**मथुरा।** कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधव कुंज, मथुरा में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट समीर बंसल, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, थाना गोविंद नगर के साइबर क्राइम प्रभारी उप निरीक्षक मंयक वत्स, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, चौकी प्रभारी बिरला मंदिर अजित कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार द्वारा माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का परिचय भौतिक विज्ञान प्रवक्ता उमेश शर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने प्रस्तुत की तथा स्वयंसेवकों को टोली में विभाजित किया।

## प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में सपाइयों ने किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में छोटे व्यापारियों, किसानों के भविष्य एवं बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में सोमवार को पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों सपा कार्यकताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर सड़क पर बैठकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन डीएम कार्यालय पर सौंपते हुए बताया कि प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील के कारण देश के छोटे व्यापारियों, किसानों तथा युवाओं के रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका है जबकि महिलाओं पर अत्याचार रेप की वारदात उत्तर प्रदेश में बढ़ती जा रही है। इस प्रकार की डील से बड़े कॉर्पोरेट एवं विदेशी कंपनियों को लाभ मिलेगा। विपिन चौधरी ने कहा कि उद्योग क्षेत्र को भारी नुकसान हो सकता है यह डील अमेरिका के हित की है इसीलिए हम इसका विरोध करते हैं इस दौरान समाजवादी पार्टी के हिमांशु सिद्धार्थ, निरंजन शर्मा ने भी मजबूती के साथ इस डील को अमेरिका की थ्रेट डील बताया।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर किया शिक्षण कार्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया तथा लगातार 23, 24, 25 फरवरी को काली पट्टी बांध कर कार्य करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा कि 2011 से पहले भी नियुक्त सब शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य है जबकि शिक्षकों का कहना है कि टीईटी का नियम 2011 से पहले नियुक्त शिक्षक उस समय की शासन द्वारा निर्धारित योग्यता को पूर्ण करके ही सेवा में आयें है और विभाग निरंतर प्रशिक्षण दिलाता भी है। शिक्षक संघ का कहना है प्रदेश में ही तीन लाख शिक्षक बिना टीईटी पास है अब इतनी बड़ी आयु में टीईटी पास करना और लंबे समय के अनुभव को अनदेखा करना अव्यवहारिक है। शिक्षकों की मांग है कि सरकार शिक्षकों के लंबे अनुभवो को महत्व उनके रोजगार और जीविका को देखते हुए अध्यादेश लाकर 2011 से पहले शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति दिलाए। इस मौके पर अब्दुल बारी रश्मि देवी, विनय कुमार, नितिन कुमार, शिवानी, जमाल, शेल. ेनदर, संजय, सुधीर, नवीन, कुलदीप, अशोक, मनोज कुमार, श्रवण, शबाना, शालिनी, गीता, हेमंत, गिरीश सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांध कर शांतिपूर्ण शिक्षण कार्य किया।

# पुलिस की तत्परता से बची छात्रा की जान

## परीक्षा के दौरान बेहोश हुई छात्रा को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक के ग्राम ललियाना में सोमवार शाम लगभग 4:45 बजे ग्राम अजराड़ा निवासी 18 वर्षीय छात्रा शीतल पुत्री बिट्टू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह एन एस इंटर कॉलेज ललियाना में कक्षा 12वीं जीव विज्ञान की परीक्षा दे रही थी। परीक्षा समाप्त होने से पहले ही छात्रा को चक्कर आने लगे और वह अचेत हो गई।

मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने मानवता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तुरंत कार्रवाई की। उपनिरीक्षक नीतेश भदौरिया और कांस्टेबल अंकुर यादव ने बिना देर किए छात्रा को संभाला और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने परिजनों को साथ लेकर छात्रा को तत्काल सीएचसी किला परीक्षितगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों की देखरेख और समय पर मिली मदद से छात्रा को शीघ्र होश आ गया। वर्तमान में उसकी तबीयत पूरी तरह ठीक बताई जा रही है, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों और विद्यालय स्टाफ ने पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर मदद न करती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। इस सराहनीय कार्य से पुलिस की मानवीय छवि एक बार फिर सामने आई है और क्षेत्र में उनकी कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की जा रही है। पुलिस अधिक. ारियों ने भी कहा कि आमजन की सुरक्षा और सहायता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभिभावकों ने छात्रा की हालत सामान्य होने पर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसी ही सतर्कता बनाए रखने की उम्मीद जताई। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि इस प्रकार की संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई से आम नागरिकों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत होता है तथा आपातकालीन स्थितियों में समय पर सहायता मिलना बेहद राहत देने वाला साबित होता है।



## किड जी स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** किडजी नारसिपुरम में वार्षिक दिवस समारोह बड़े उत्साह और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल अभिलाषा चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने अपनी नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे. छोटे बच्चों ने जबरदस्त ऊर्जा और हर्षोल्लास के साथ मंच पर प्रदर्शन किया, जिससे अभिभावक और अतिथि आनंदित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी बाबूलाल पूर्व सांसद फतेहपुर सीकरी तथा दिलीप चौधरी, उद्योगपति और टीवीएस एवं मेसी ट्रैक्टर एजेंसी के प्रतिष्ठित मालिक, उपस्थित रहे। दोनों मुख्य अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कला और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी रुचि लेने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके प्रेरक शब्दों ने बच्चों और अभिभावकों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे। ठाकुर किशोर प्रधान पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, ने बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत की सराहना की। श्रीमती सुमन कनोजिया (सीओ) ने बच्चों को आगे बढ़ते रहने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ठाकुर हेमराज सिंह और शिवराज सिंह ने भी अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति से कार्यक्रम को और विशेष बनाया।समारोह के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों ने बच्चों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। बच्चों की खुशी और गर्व देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या के धन्यवाद संदेश के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने शिक्षकों,बच्चों और अभिभावकों के योगदान की सराहना की और इस यादगार दिन को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद किया।इस वार्षिक दिवस में प्रदर्शन करने वाले बच्चों में विदुषी, वैष्णवी, अंश, प्राची आदि मौजूद रहे।

# दूषित पानी का कहरः सरधना में नौनिहालों पर हेपेटाइटिस का हमला, अस्पतालों में बढ़ी भीड़



**सरधना सीएचसी में उमड़ी भीड़ व मरीजों को देखते बाल रोग विशेषज्ञ।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर क्षेत्र में दूषित पानी का संकट अब गंभीर स्वास्थ्य समस्या का रूप लेता जा रहा है। पिछले करीब 15 दिनों में सरधना के विभिन्न मोहल्लों में एक वर्ष से 10 वर्ष तक के सैकड़ों बच्चे हेपेटाइटिस ए जैसी खतरनाक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इसके अलावा निमो. निया, खांसी, बुखार और जुकाम के मरीजों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे अभिभावकों में भारी चिंता व्याप्त है।

नगर के मोहल्ला बैरून सराय, सराय अफगानान, पीरजादगान, तकियाकैत, ऊंचापुर, बुध बाजार समेत कई क्षेत्रों में बच्चों के बीमार पड़ने के मामले सामने आए हैं। परि. जनों का कहना है कि अचानक बड़ी संख्या में बच्चों को पीलिया जैसे लक्षण, उल्टी, बुखार और कमजोरी की शिकायत हो रही है। चिकित्सकों के अनुसार यह लक्षण हेपेटाइटिस ए से मेल खाते हैं, जो प्रायः दूषित पानी और अस्वच्छ खानपान के कारण फैलता है।



### सीएचसी और निजी अस्पतालों में उमड़ी भीड़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना और नगर के निजी अस्पतालों में इन दिनों बच्चों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। अभिभावक अपने नौनिहालों को लेकर सुबह से ही अस्पताल पहुंच रहे हैं। सीएचसी में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में अधि. कतर बच्चे खांसी, बुखार और जुकाम की शिकायत लेकर आ रहे हैं। यदि किसी बच्चे में हेपेटाइटिस जैसे गंभीर लक्षण पाए जाते हैं तो उनकी आवश्यक जांच कराकर समुचित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से स्वच्छ पानी उबालकर पिलाने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

### पहले भी हो चुका है हंगामा

ज्ञात हो कि पूर्व में मंडी चमारान क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण सैकड़ों लोग बीमार हो गए थे, जिसको लेकर नगर में हंगामा भी हुआ था। बावजूद इसके जलापूर्ति व्यवस्था में स्थायी सुधार नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई मोहल्लों में सीवर लाइन और पानी की पाइप लाइन साथ-साथ होने से लीकेज के जरिए गंदा पानी सप्लाई में मिल रहा है।

### पालिका पर लापरवाही के आरोप

नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को कई बार शिकायतें दी गई, लेकिन समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। दूषित पानी की नियमित जांच, पाइप लाइनों की मरम्मत और क्लोरीनेशन की व्यवस्था मजबूत करने की मांग की जा रही है।



**सरधना में हेपेटाइटिस ए की बीमारी की जद में आएं उमर, आइला।**

**स्वास्थ्य विभाग की अपीलः** पानी को कम से कम 10 मिनट उबालकर ही बच्चों को पिलाएं। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। हाथ धोने की आदत को अनिवार्य बनाएं। लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# सरधना में श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ मंगल आरंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में सोमवार से ऐतिहासिक एवं भव्य श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ परम पूज्य आचार्य 108 श्री भारत भूषण महाराज जी के पावन सानिध्य में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। सोमवार प्रातः भव्य घट यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। सौधर्म इंद्र-इंद्राणी एवं भगवान के माता-पिता ऐरावत हाथी पर भगवान को गोद में लेकर शोभायात्रा में चले। महायज्ञ नायक, कुबेर इंद्र एवं अन्य इंद्र बग्घियों में सवार रहे, वहीं दो अलग-अलग रथों पर भगवान की दिव्य प्रतिमाएं विराजमान रहीं।

प्रथम रथ पर भगवान को विराजमान कराने का सौभाग्य श्री अनंतवीर जैन परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि द्वितीय रथ पर प्रदीप जैन-पंकज जैन कालका परिवार ने भगवान को रथ में विराजित किया। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर चौबीसी मंदिर से प्रारम्भ होकर रामलीला मैदान में सजी भव्य अयोध्या नगरी तक पहुंची। अयोध्या नगरी में रजनीश जैन मोंटू जयचंदा परिवार द्वारा आचार्यश्री के सानिध्य में मंगल ध्वजारोहण किया गया। पंडित अरविन्द शास्त्री ने विधिपूर्वक पंडाल का उद्घाटन कराया, जिसका लाभ माणिकचंद जैन-मंजुलता जैन परिवार को मिला। मंच उद्घाटन मनोज जैन सर्राफ परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत मंडप शुद्धि, वेदी शुद्धि, इंद्र प्रतिष्ठा एवं जाप्य स्थापना की पावन क्रियाएं सम्पन्न कराई गईं। कार्यक्रम के पश्चात साधर्मी वात्सल्य का आयोजन हुआ, जिसके लाभार्थी डी.के. जैन, अंजू जैन, डॉ. ध्रुव जैन एवं डॉ. गरिमा जैन परिवार रहे। वहीं संध्या की महाआरती का लाभ सुखमलचंद जैन, मुकेश जैन एवं सार्थक जैन परिवार को प्राप्त हुआ।



## संस्कृति विवि में विशेषज्ञों ने बताया 'साफ्ट स्किल्स' सफलता का मंत्र

**मथुरा।** आज के गलाकाट प्रतिस्पर्धा वाले युग में केवल किताबी ज्ञान या तकनीकी डिग्रियां सफलता की गारंटी नहीं हैं। कॉरपोरेट जगत में वही छात्र लंबी रेस का घोड़ा साबित होता है जिसके पास प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास और बेहतर व्यवहारिक ज्ञान है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी द्वारा "हाउ टू मास्टर सॉफ्ट स्किल्स" विषय पर एक उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैप्स के निदेशक डा.रजनीश त्यागी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक सुलझा हुआ व्यक्तित्व और बेहतर संवाद कौशल ही आपको भीड़ से अलग बनाता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर आत्म-सुधार के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डीन एसओएमसी डॉ. गंगाधर हुगर ने प्रबंधन के क्षेत्र में व्यवहारिक ज्ञान और टीम वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समन्वय और संचालन सुश्री शुभांगी सक्सेना (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं हॉस्पिटैलिटी ट्रेनर) द्वारा किया गया, जो स्वयं एक प्रमाणित लाइफ कोच भी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि आज के प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट में आत्मविश्वास निर्माण, प्रभावी संचार और पारस्परिक व्यवहार का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनियां अब केवल यह नहीं देखतीं कि आपक. ो क्या आता है, बल्कि यह देखती हैं कि आप अपनी बात को दूसरों तक कैसे पहुंचाते हैं और टीम में कैसे काम करते हैं। सत्र के दौरान उन्होंने इंटरएक्टिव प्रेजेंटेशन, आइस-ब्रेकिंग गति. विधियों और आत्म-चिंतन अभ्यासों के माध्यम से छात्रों को उनकी क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 100 से ज्यादा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने छात्रों को समझाया कि कैसे एक सकारात्मक दृष्टिकोण और बॉडी लैंग्वेज उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। कार्यक्रम में सुश्री अर्पणा गुप्ता (सीनियर सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) और सुश्री दिव्या गहलोत (सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) ने भी अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने प्रोफेशनल एटिकेट (पेशेवर शिष्टाचार) और व्यक्तित्व विकास पर व्यावहारिक जानकारी देते हुए बताया कि कैसे छोटी-छोटी बातें, जैसे हाथ मिलाने का तरीका, बोलने का लहजा और सुनने की क्षमता, एक प्रोफेशनल की छवि बदल सकती हैं। कार्यशाला के अंत में होटल मैनेजमेंट विभाग के अध्यक्ष रतिश शर्मा ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डीन एकेडमिक्स डॉ. रैणु गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ छात्रों ने विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं का समाधान किया। छात्रों ने माना कि इस सत्र के बाद वे अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सीखे गए कौशल को लागू करने के लिए अधिक प्रेरित और आत्मविश्वासी महसूस किया।

### शुद्धि पत्र

शाह टाइम्स मेरठ संस्करण के दिनांक 22.02.2026 के अंक में पेज-4 पर प्रकाशित कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हैड़ा चौहान, विकास खण्ड दौराला, मेरठ के विज्ञापन में भूलवश 'निविदा आमंत्रण सूचना' के स्थान पर 'अति अल्पकालीन निविदा सूचना' और कार्य अवधि में '03 माह' के स्थान पर '06 माह' प्रकशित हो गया है। इस त्रुटि के लिए हमे खेद है।

**-आज्ञा से**
**विज्ञापन व्यवस्थापक**
**शाह टाइम्स**

# इमरजेन्सी मरीजों को उपचार से न किया जाए वंचितः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंतिध अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को आधार कार्ड अथवा अन्य दस्तावेज के अभाव में उपचार से वंचित न किया जाए। सभी मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 2 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 18 प्रतिशत ऐसे बच्चों से संपर्क स्थापित कर विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों का टीकाकरण कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक टीकाकरण सत्र स्थल पर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा गुणवत्ता के अनुरूप नियमित निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानसिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए तथा लगाए जाने वाले प्रत्येक स्वास्थ्य कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर चिकित्सकों एवं स्टाफ का रोस्टर चस्पा करने, ट्रामा सेंटर को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने तथा सभी चिकित्सकों को एक समान ड्रेस कोड एवं नेम प्लेट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रगति में जनपद का प्रदेश में तृतीय स्थान तथा आयुष्मान योजना में प्रथम स्थान है, जिसे बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएं। महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम को मानक अनुरूप संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यालय परिसर में उपलब्ध संसाधनों की समुचित देखभाल पर बल देते हुए वाटर कूलर की सर्विसिंग, टूट-फूट वाले दरवाजे एवं फर्नीचर की मरम्मत, आवश्यक वार्डों को क्रियाशील रखने, पंखों की मरम्मत तथा शीतकालीन सामग्री को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौकशी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने डूंडाहेड़ा में हुई गौकशी से संबंधित मामले का खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी घायल हो गए, यह कार्रवाई गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में की गई।

उल्लेखनीय है कि गत 20 फरवरी को खेकड़ा थाना क्षेत्र के डूंडाहेड़ा गांव में गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव फैल गया था। सूचना मिलने पर गौरक्षा दल और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे थे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। उस समय पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान शातिर गौकशों की सटीक लोकेशन की जानकारी मिली। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम की आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान साजिद पुत्र कय्यूम निवासी जसड़, थाना सरूरपुर, जनपद मेरठ और इंतजार उर्फ भूषण पुत्र शेरदीन निवासी पांची, थाना चांदीनगर, जनपद बागपत के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, गौकशी में प्रयुक्त उपकरण-एक रस्सी, एक दराती, एक सिरिंज तथा 30 एमएल XYLAZINE batsD'ku USP की शीशी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में गौवध निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# तेज रफ्तार कार ने ऑल्टो कार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के डूंडाहेड़ा मोड़ के पास रविवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार कार ने ऑल्टो कार को टक्कर मार दी, जिससे ऑल्टो पलट गई और उसका चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मंडोला निवासी गौरव अपनी ऑल्टो कार से बागपत से अपने गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही वे डूंडाहेड़ा मोड़ के समीप पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी ऑल्टो में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑल्टो कार सड़क पर पलट गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पलटी हुई कार को सीधा किया और अंदर फंसे चालक गौरव को बाहर निकाला। दुर्घटना में गौरव घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डूंडाहेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कुलजीत ने बताया कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

# चार नलकूपों से हजारों की चोरी, किसानों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोठरा गांव में अज्ञात चोरो ने चार नलकूपों पर धावा बोल हजारों का समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।

पिछले दो वर्षो से अज्ञात चोरो का बोलबाला है चोर आय दिन अलग अलग स्थानों पर धावा बोल नलकूपों से समान चोरी कर ले जाते है रात्रि भी गोठरा गांव में मोहित, हरीश, राजेराम, सचिन के नलकूपों की छत उखाड़ चोर नलकूपों से हजारों का समान चोरी कर ले गये। सुबह जब किसान अपने नलकूपों पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला मोहित ने बताया



कि हजारों का नुकसान हुआ है और रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दे दी गयी है। किसानों ने बताया की दो वर्षो से लगातार नलकूपों पर चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। चोर कभी ढिकोली क्षेंत्र तो कभी रटौल क्षैत्र को निशाना बना रहे है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से चोरो की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## एक नजर

### कॉलोनी में गंदगी, कच्चे रास्तों और गहरे गढ्ढों से परेशान लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वार्ड नंबर 2 स्थित आयशा कॉलोनी में गंदगी, कच्चे रास्तों और गहरे गढ्ढों से परेशान लोगों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन अखंड की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात का निरीक्षण किया। संगठन के अध्यक्ष दिलशाद खान ने बताया कि जाहिदा मस्जिद के आसपास का क्षेत्र बदइंतजामी का शिकार है। इंटरलॉकिंग खड़ंजा न होने से चारों ओर कीचड़ और गंदगी फैली है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार बच्चों को स्कूल जाने और नमाजियों को मस्जिद तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। मौके पर बुलाए गए वार्ड मेंबर ब्रह्मपाल ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से लगातार नगर पालिका में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि की ही सुनवाई नहीं हो रही तो आम जनता की समस्या कौन सुनेगा। लोगों और संगठन ने चेतावनी दी है कि जल्द सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था शुरू न हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### टेट के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में प्राथमिक शिक्षक संघ, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ और महिला शिक्षक संघ के आहवान पर शिक्षकों ने सोमवार को टेट के विरोध में बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। शिक्षक 26 फरवरी को धरना देकर डीएम को ज्ञापन सौंपेगे। बीआरसी बागपत पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि टेट के विरेध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा के निर्देशों पर 22 फरवरी को एक्स पर अभियान चलाया गया। 23 से 25 फरवरी तक शिक्षक बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे तथा 26 फरवरी को धरना देकर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। सरकार की ओर से अध्यादेश न लाने पर शिक्षक टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टेट परीक्षा लागू करने का विरोध जारी रहेगा। सोमवार को सखाी विद्यालयों में शिक्षकों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कराया। इस मौके पर राजकुमार शर्मा, विकास मलिक, योगेश शर्मा, मंजू रावत, मनोज यादव, मनोज कुमार, योगेंद्र यादव, अमित गोयल, हरविंद्र सिंह, ममता चौहान, सुभाष शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# दुष्कर्म में विफल होने पर महिला की हत्या, पुलिस ने आरोपी को 12 दिन बाद किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने 12 फरवरी को टटीरी-महनवा मार्ग पर मिली महिला के शव के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने दुष्कर्म के प्रयास में महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपी दिल्ली भागने की फिराक में था।



एसपी सूरज राय ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी की रात महिला अपने घर लौट रही थी। तभी आरोपी राजेश पुत्र रोहतास निवासी टटीरी ने उसे रोका और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के चिल्लाने पर आरोपी ने उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर को सुलझाने के लिए व्यापक जांच अभियान चलाया। 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, 300 से ज्यादा मोबाइल ट्रेस किए गए और लगभग 150 लोगों से पूछताछ की गई।

इन प्रयासों के बाद आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजेश आपराधिक प्रवृत्ति का व्यति है और पहले भी ऐसे मामलों में शामिल रहा है। वह अपनी पत्नी से विवाद के चलते 22 महीने जेल में भी रह चुका है। पुलिस ने आरोपी के पास से मृतका का आधार कार्ड, बैंक पासबुक और एक वीवो मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसपी सूरज राय ने बताया कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। इस मामले को सुलझाने वाली सर्विलांस एसओजी और बागपत कोतवाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। एसपी ने कहा कि आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल 12 दिन बाद इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा हुआ है।

# युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के बड़ागांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को त्रिलोक तीर्थ धाम मंदिर बड़ागांव स्थित कमरा नंबर 43 में युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही खेकड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।



मृतक का फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अंबेडकर नगर जिले के बेनीपुर गांव निवासी आदित्य तिवारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि आदित्य तिवारी कैमरामैन का काम करते थे। बड़ागांव में ही रह रहा थे। घटनास्थल पर युवक के कानों में इयरफोन लगे हुए थे। इस बात को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि वह आत्महत्या के समय किसी से बात कर रहा था या गाने सुन रहा था। पुलिस इस पहलू पर भी गंभीरता से जांच कर रही है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर जांच कर रही है और मृतक के परिजनों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल, पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# कॉलेज के 12 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के सौजन्य से ताइक्वांडो तथा विशु अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय मेरठ में 20 फरवरी को आयोजित किया गया जिसमें जनता वेदिक डिग्री कॉलेज के 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया।

उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय ने 12 मेडल प्राप्त किये, जिनमें 6 गोल्ड 2 सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल है। बालक वर्ग में संदीप 63 किलाग्राम भर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सूरज यादव ने 74 किलोग्राम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सत्यम चौधरी ने 87 किलोग्राम पदक प्राप्त किया दीपक कुमार ने 58 किलाग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। समीर आलम ने 63 किलो भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंकित चौधरी 80 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नेहा यादव 40 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल प्राप्त किया



अक्षिता ने 62 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया चांदनी वर्मा ने 67 बार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर आशीर्वाद दिया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग में कार्यरत डा.अनंत कुमार, डा.सुनील कुमार, डॉ. अनिल सरोहा तथा डॉ.रकम सिंह को बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि भविष्य में ऐसे ही कठिन परिश्रम करते हुए महाविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन करना है। इस प्रतिभा में विजेता खिलाड़ी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता जो कि उड़ीसा भुवनेश्वर मे आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह ने खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं तथा कॉलेज की तरफ से पूरा सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।

# एसपी द्वारा महिलाओं के लिए जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में, एसपी सूरज राय ने महिलाओं के लिए एक नया हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर के माध्यम से महिलाएं अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी और पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी।




एसपी सूरज राय द्वारा जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर 7839876407 है। यदि कोई महिला रास्ते में या किसी भी स्थान पर असुविधा महसूस करती है, असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान की जाती है, या उसे कोई अन्य शिकायत है, तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सकती है। इस हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर पुलिस टीम तुरंत कार्रवाई करेगी। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी, ताकि महिलाएं बिना किसी झिझक के अपनी बात रख सकें। पुलिस प्रशासन महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसमें जागरूकता कार्यक्रम और चौराहों व मुख्य मार्गों पर निरंतर चेकिंग शामिल है। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया है कि महिलाओं की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और यदि कोई पुलिसकर्मी इस संबंध में लापरवाही करता पाया गया तो उस पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसेंस जिसका नम्बर यू.पी. 1720066492782 है जिसमें मेरा नाम राम लखन पुत्र राम फल दर्ज है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राम लखन पंवार पुत्र राम फूल दर्ज है। राम लखन पुत्र राम फल व राम लखन पंवार पुत्र राम फूल दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।
राम लखन पंवार पुत्र राम फूल निवासी बावली रोड़ कस्बा बडौत तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अक्षय से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
उपेन्द्र कुमार पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम मलकपुर व थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में Chhayny Deshwal (जन्म तिथिः 29.12.2014), पिता- Dara Singh, माता- Rajwati, निवासी- सैडभर, पोस्ट व जिला बागपत, उत्तर प्रदेश पिन कोड-250606 था। अब उसका नाम बदलकर Yash Deshwal कर दिया गया है। भविष्य में वह सभी अभिलेखों में Yash Deshwal नाम से जाना जाएगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अंकित व उसकी पत्नि दीया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
दिनेश कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम डौला थाना सि.अहीर जनपद बागपत।


# पीड़ित ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम से की आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भूमि विवाद में रविवार की शाम इंटरनेशनल शूटर रह चुके प्रवीण तोमर पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। उनका आरोप है कि मारपीट करते हुए फायरिंग की। पीड़ित को जान से मारने की धमकी का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सोमवार को पीड़ित पक्ष के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शूटर दिव्यांग प्रवीण तोमर का आरोप है कि रविवार को जब वह अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे, तभी विपक्षी लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। वह किसी तरह से बच गया, जबकि हमलावर तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। उसे जान से मारने की धमकी देने का विडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बताया कि उन्होंने गांव में एक भूखंड खरीदा था और उसका विधिवत कब्जा भी प्राप्त कर लिया था। आरोप है कि पड़ोसी उक्त जमीन को लेकर लगातार विवाद कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई थी, जिस पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। घटना के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोशित ग्रामीण सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर डीएम से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# सपाईयों ने मनाई संत गाडगे बाबा की जयंती, बड़ी संख्या में लोगों ने की सपा सदस्यता ग्रहण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महान संत गाडगे बाबा की जयंती मनाई।

इस मौके पर अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की। अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संत गाडगे बाबा एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे, उन्होंने गरीबों और दलित के बीच जाकर अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए कार्य किया।

वे सामाजिक न्याय की लड़ाई को बलवती करने के लिए गांव-गांव घूमे और अपने जीवन काल में समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, अवांछित रीति रिवाज से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान रोहित मुखिया, हरीश प्रधान, हरेंद्र, कुनाल, अमित फौजी, विकास, सचिन, देव तोमर, हर्ष तोमर, आरिफ, आर्यन, प्रिंस, परविंदर आदि लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी सिद्धांतों में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। सपा में सम्मिलित हुए लोगों को जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने सपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर से सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव, रवि शंकर शर्मा, राहुल यादव, आसुद्दीन सिद्दीकी, रामफल उपाध्याय, डा. सुरेंद्र पाल, भालेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बड़ौत (बागपत)

पत्रांक-कृ.ज.म.स./दु.आ./2026/396 दिनाँक 23/02/2026

### आवश्यक सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत में कार्यरत समस्त लाईसेंसधारी व्यापारियो व इच्छुक व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि खाद्यान्न मण्डी की 09 दुकाने जिसमे श्रेणी-अ की दुकान सं. 3,4.5, व श्रेणी-ब्र की दुकान सं. 4,8,10,16,18,24 तथा सब्जी / फल मण्डी की 02 दुकाने जिसमे श्रेणी-ब दुकान सं.11 व श्रेणी-स दुकान सं. 1स2 दुकानो के आवंटन हेतु दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बडौत में आवंटन समिति द्वारा आवंटन खुली नीलामी पद्धति से किया जायेगा, इच्छुक लाईसैसधारी व्यापारी किसी भी कार्य दिवस में रू. 295-00 (जी.एस.टी के साथ) जमा कर आवेदन पत्र समिति कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवदेन पूर्ण कर दिनांक 11.03.2026 समय 3 बजे तक अ-श्रेणी रू. 73000=00 ब-श्रेणी रू. 46000=00 व स-श्रेणी रू. 24000-00 समिति कार्यालय में नकद या आर टी.जी. एस/ड्राफट जमानत राशि एंवम आरक्षण सम्बन्धित मान्य प्रमाण पत्र के साथ आवदेन पत्र समिति कार्यालय मे जमा किया जायेगा। आवंटन के सम्बन्ध में नियम व शर्ते या अन्य किसी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस मे समिति कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते है।

**जगदीशपाल सिंह**
**प्रभारी सचिव**

**भावना सिंह**
**उपजिलाधिकारी / सभापति**

# डीएम को रास्ते में विकलांग ने रोक कर आंसुओं के साथ की फरियाद, डीएम ने फरियाद सुन की तुरंत कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासनिक सक्रियता सोमवार को उस समय मानवीय संवेदना के रूप में सामने आई, जब जनता दर्शन के बाद लौट रहे जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने रास्ते में एक दिव्यांग की गुहार सुनते ही मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दे दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रतिदिन जनता की समस्याएं सुनने और उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने की व्यवस्था के तहत जिलाधिकारी सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे।

जनता दर्शन समाप्त होने के बाद कार्यालय से निकलते समय एक दिव्यांग व्यक्ति, जो दूसरे के सहारे गोद में बैठकर पहुंचा था और विकलांग ने जिलाधिकारी को रोक लिया। जिलाधिकारी ने वाहन रोककर पहले दिव्यांग को अपने कार्यालय में बैठाया और पूरी बात विस्तार से सुनी। दिव्यांग मोहम्मद शानू ने बताया कि वह विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के चक्कर लगा रहा है। चिकित्सकों द्वारा उसे बार-बार इधर-उधर भेजा जा रहा है और अब मेरठ से मेडिकल कराने की बात कही गई है। उसने बताया कि वह पहले भी अत्यधिक कठिनाई के साथ मेरठ जाकर लौट



चुका है, लेकिन प्रमाणपत्र नहीं बन पाया। आर्थिक तंगी और शारीरिक असमर्थता के कारण बार-बार यात्रा करना उसके लिए संभव नहीं है। दिव्यांग की व्यथा सुनते ही जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात कर कड़े निर्देश दिए कि मोहम्मद शानू को एम्बुलेंस के माध्यम से मेरठ मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया जाए, परीक्षण के बाद सुरक्षित उसके घर तक पहुंचाया जाए और विकलांग प्रमाणपत्र शीघ्र जारी किया जाए। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद संबंधित विभाग सक्रिय हो गया। प्रशासन की इस त्वरित और मानवीय पहल से लंबे समय से परेशान दिव्यांग के चेहरे पर राहत और संतोष के भाव दिखाई दिए। उसने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उसे उम्मीद है कि उसकी समस्या का समाधान शीघ्र हो जाएगा।

# जनता के बीच पहुंचे मंत्री, गांव के विकास को लेकर बड़ा आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण का सोमवार को जनपद के श्यामपुर गांव में आगमन हुआ, जहां गन्ना चेयरमैन कुणाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव में मंत्री के पहुंचते ही लोगों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और स्वागत के दौरान ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया।



कैबिनेट मंत्री ने जनसभा के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क, बिजली, जलनिकासी और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि गांव-गांव तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचे और आमजन को सरकारी सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण करें। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# होली से पहले बड़ा निर्णय भोर में होलिका, अगले दिन रंगों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रंगों के पर्व होली और होलिका दहन के मुहूर्त को लेकर विद्वानों ने शास्त्रसम्मत निर्णय घोषित किया है। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष पंडित के.सी. पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष विशेष ग्रह-योगों और भद्रा के कारण होलिका दहन 3 मार्च मंगलवार को सूर्योदय से पूर्व ही किया जाएगा। विद्वानों के एकमत निर्णय के अनुसार होलिका दहन का सर्वोत्तम समय प्रातः 5:29 बजे से 6:19 बजे तक रहेगा, जबकि रंगों की होली 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी।

महासभा के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च सायं 5:55 बजे से प्रारम्भ होकर 3 मार्च सायं 5:07 बजे तक रहेगी, लेकिन 2 मार्च को पूर्णिमा के साथ अशुभ भद्रा का प्रभाव होने से उस दिन होलिका दहन वर्जित माना गया है। वहीं 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे से सायं 6:47 बजे तक दृश्य चन्द्रग्रहण के कारण सूतक प्रातः 6:20 बजे से प्रारम्भ हो जाएगा। शास्त्रों में भद्रा और ग्रहण काल में होलिका दहन को अशुभ बताया गया है, इसलिए सूर्योदय से पूर्व का समय ही श्रेष्ठ माना गया। महासभा संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा ने बताया कि धर्मग्रंथों में भद्रा काल में होलिका दहन करने से अनिष्ट फल बताया गया है। परामर्श मंडल के विद्वान पंडित संतोष तिवारी ने कहा कि विभिन्न धर्मग्रंथों के अध्ययन के बाद ही 3 मार्च की भोर का 50 मिनट का मुहूर्त निर्धारित किया गया है। विद्वानों ने बताया कि होलिका पूजन रात्रि 8:15 बजे के बाद मघा नक्षत्र और सुकर्मा योग में किया जा सकता है, जबकि 3 मार्च की भोर 4 बजे से 5:30 बजे तक पूजन करना विशेष शुभ रहेगा। होलिका पूजन में उपले, नारियल, पान, सुपारी, अक्षत, जल, बतासा, धूप, गंध, चना और मिष्ठान अर्पित करने की परम्परा है। पूजन के समय नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र जप करते हुए होलिका की सात परिक्रमा करने तथा गेहूं की बालियां भूनने की भी परम्परा बताई गई है। महासभा के अनुसार फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक होलाष्टक की अवधि 24 फरवरी सुबह 7:02 बजे से प्रारम्भ होकर 3 मार्च तक रहेगी। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन और अन्य मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं। निर्णय पर महासभा के विभिन्न पदाधिकारियों और विद्वानों ने सहमति व्यक्त की है।



# बंद फाटक के नीचे से निकले वाहन, इमरजेंसी ब्रेक लगाकर चालक ने टाला बड़ा रेल हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के स्याना रोड रेलवे फाटक पर सोमवार सुबह वाहन चालकों की लापरवाही के चलते बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। बंद रेलवे फाटक के बावजूद कई बाइक, और ई-रिक्शा चालक नीचे से निकलकर ट्रैक पार करने लगे, जिससे जानलेवा स्थिति बन गई।

इसी दौरान मुरादाबाद की ओर से तेज गति से आ रही पुरबिया एक्सप्रेस ट्रेन को सामने ट्रैक पर वाहन दिखाई दिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ट्रेन चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिससे



ट्रेन कुछ ही दूरी पहले रुक गई और संभावित बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि ट्रेन चालक थोड़ी भी देर करता तो कई लोग ट्रेन की चपेट में आ सकते थे और गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। घटना के दौरान फाटक पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने रेलवे फाटक पार करते समय नियमों का पालन करने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फाटक पर सख्ती बढ़ाने और लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।



# गीत-संगीत, डांस और फैशन शो एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुति के बीच हुआ कृदय 2.0 का समापन

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का छह दिवसीय कृदय 2.0 वार्षिकोत्सव के समापन कुलाधिपति किशन चौधरी के आर्शीवचनों के साथ हुआ। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रतिभाशाली प्रस्तुती की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने कैरियर के लक्ष्य को निर्धारित करने का सुझाव दिया और कहा आप अगर श्रद्धा और भावना से कार्य करेंगे तोसफलता मिलेंगी। सफलता के लिए हमें स्वयं नियम बनाने होंगे, जिनका पालन ही हमें सफल बना देता है। महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़ेंगे तो आप में सुधार होगा। ववि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने मंच से परफॉर्मेंस छात्रों के हुनर की प्रशंसा करते हुए कहा हम सभी के अंदर टेलेंट(हुनर) है, ओवर डब्लामेंट चाहिए, तो स्वयं को खेलों में शामिल करें तो आप मंजिल प्राप्त कर लेंगे। वार्षिकोत्सव का आयोजन करना विवि के लिए उपलब्धि का क्षण होता है, अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह खुशी का पल जीवन के यादगार अवसरों में एक होता है, केएम विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पूर्व छह दिवसीय कृदय2.0 के समापन सत्र का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, परीक्षा नियंत्रक(सीओई) समीक्षा भारद्वाज, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य पीएन भिसे, पशु चिकित्सालय के डीन डा. अजय प्रकाश, चांसलर सलाहाकार डा.एसपी गोस्वामी, डा. दिनेश कुमार, ऋषभ चौहान, वैभव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया। गीत-संगीत, डांस और फैशन शो एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुति से विवि के विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। इस बार के कृदय 2.0 में फैशन उत्सव भी देखने को मिला। जिसमें छात्र-छात्राओं ने फैशन के जलवे बिखेरे। 'जब हम जवां होंगे....के गीत ने सभी दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। फैशन के रैंम्प, हरियाणा के सांगों पर सोलो डांस ने सीटियों का शोर और मोबाइल से फोटो लेने की होड़ मचा दी। इसी प्रकार से एमबीबीएस की छात्रा ने मां पर कविता प्रस्तुत की तो सभी स्तंभ रह गए। बांसुरी वादन ने सभी का मन जीत लिया वहीं सुनहरी आवाज में तूने चोरी किया मेरा जीया ओ मेरे प्रिया.....पर तालियों के शोर से पूरा कैम्पस गूंज उठा। कृदय 2.0 के मंच पर स्टूडेंटसों ने अपने-अपने हुनर का खूब परिचय दिया।

## एक नजर

### एनएसएस शिविर में स्वच्छता अभियान व जागरूकता रैली हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस सत्र 2025-26 के अंतर्गत दूसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रबंधक चौधरी रेणुका चौधरी, प्राचार्य डा. हरीश कुमार शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. विजयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया तथा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।द्वितीय सत्र में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. हरीश कुमार शर्मा के प्रेरक उद्बोधन से हुई। उन्होंने स्वच्छता को सतत जीवन शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों से इसे दैनिक जीवन में अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आहवान किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. विजयवीर सिंह ने स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सेवा भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन, सहायक आचार्य एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंकज शर्मा, प्रेरणा वर्मा, मनोज कुमार, अमित मलिक सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर का समापन राष्ट्र सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प के साथ किया गया।

# तीन दिन से लापता कपिल का शव नाले में मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल उर्फ कोपीन का शव बढ़ापुर पिंडदान स्थल के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल कुमार उर्फ कोपीन बीते शुक्रवार से लापता था। रविवार को स्वजन ने बढ़ापुर थाने पहुंचकर कपिल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से स्वजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे थे सोमवार की बढ़ापुर-गोपीवाला मार्ग पर पिंड स्थल के पास बालक खेल रहे थे, तभी उनकी नजर नाले में पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा



मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाया। शव की पहचान कपिल उर्फ कोपीन (38 वर्ष) निवासी गोपीवाला के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी पत्नी और एक बेटे व दो बेटियों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

## आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से झालू चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन थाना अध्यक्ष किशन अवतार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के जिम्मेदार लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष किशन अवतार ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही आस्था एवं उल्लास के पर्व हैं। इन्हें आपसी भाईचारे, प्रेम और एक-दूसरे की भावनाओं के



सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। चौकी इंचार्ज कुलदीप कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखना प्रशासन के साथ-साथ आमजन की भी जिम्मेदारी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि होलिका दहन पूर्व निर्धारित पारंपरिक स्थल पर ही किया जाएगा और किसी नए स्थान या परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। दुल्हेंडी के दिन रंग खेलने का समय भी सीमित रहेगा। रंग खेलने का कार्यक्रम लगभग दो से तीन घंटे तक ही आयोजित किया जाएगा। जिन लोगों को रंग से आपत्ति हो, उनसे अनुरोध किया गया कि वे ऐसे स्थानों से दूर रहें। प्रधान शोवीर ने कहा कि क्षेत्र में सदैव भाईचारे की मिसाल कायम रही है और सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर पर्व मनाते आए हैं। इस परंपरा को आगे भी बनाए रखा जाएगा। बैठक में ज्ञानेश्वर सिंह, अनुराग जोशी, कपिल जोशी, सभासद काशिफ आदि रहे।

# सीएचसी में टीकाकरण समीक्षा बैठक, कोल्ड चेन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# सप्तशक्ति संगम का समापन कार्यक्रम

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्त शक्ति संगम समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों डा. शेफाली सिंह चौहान, कमलेश सैनी, डा. अनामिका, मीनू मेहरोत्रा व प्राचार्य हमेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। विद्या मंदिर के भईयाओं ने गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। (हर्ष, शुभम, वेदांश, पीयूष, तविश, मनन, देव) कार्यक्रम संचालिका आचार्या पूर्णिमा शर्मा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। अतिथियों में मुख्य अतिथि डा.शेफाली सिंह चौहान (जिला पंचायत अध्यक्षा मुरादाबाद), विशिष्ट अतिथि कमलेश सैनी (पूर्व विधायक चांदपुर), अध्यक्षा डा. अनामिका प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज बिजनौर, मुख्य अतिथि डा. शैफाली सिंह चौहान ने अपने भाषण में कहा कि कार्यक्रम नारी शक्ति के एकत्रीकरण का आधार है। यह कार्यक्रम नारी शक्ति का जागरण है।

# मृतक पुष्पेंद्र के परिजनों ने लगाया जाम

## पुलिस पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम साहूवाला निवासी मृतक पुष्पेंद्र के स्वजन व ग्रामीणों ने समय पर घटना की जानकारी नहीं देने और ट्रक चालक को घटनास्थल से भगाने का आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क पर जाम लगाकर नारेबाजी की। सीओ नगीना के समझाने व ट्रक चालक और स्वामी के खिलाफ केस दर्ज होने पर साढ़े तीन घंटे बाद जाम खुला।

ग्राम टांडा साहूवाला निवासी पुष्पेंद्र कुमार उर्फ मनीष की रविवार की शाम गन्ने से भरे ट्रक से कुचल कर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई





थी। घटना से नाराज स्वजन और ग्रामीण महिलाओं के साथ आज सुबह भारी संख्या में थाने पहुंचे और पुलिस पर घटना का समय पर जानकारी नहीं देने और ट्रक चालक को मय ट्रक के मौके से भगा देने का आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क पर जाम लगा दिया और नारेबाजी की।

इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वाहन चालकों ने वाहनों को आसपास के गांव से होकर निकाला। सूचना मिलने पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और मृतक के स्वजन को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई रवींद्र कुमार की ओर से ट्रक स्वामी रियासत और चालक अबूबल हसन के खिलाफ केस दर्ज किया है, तब ग्रामीणों ने लगभग साढ़े तीन घंटे बाद जाम खोला।

### किसान यूनियन के नेता को पीट कर भगाया

बढ़ापुर थाने पर जाम लगने के दौरान क्षेत्र के एक किसान यूनियन के नेता को मृतक के स्वजन को नसीहत देना उस समय भारी पड़ गया, जब भीड़ ने किसान नेता की पिटाई कर वहां से भगा दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मेरा दूसरा निकाह दिनांक 16.11.2021 को फरहाना पुत्री इदरीश निवासी ग्राम नेकपुर थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद के साथ सुन्नी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। परन्तु हम दोनो के विचार ना मिलने के कारण बतौर पति पत्नि जीवन निर्वाह करना मुश्किल हो गया था। बावजूद समझाने के भी मेरी पत्नि सही तरीके से मेरे साथ जिन्दगी गुजारने को तैयार नही हुई। इसलिये मैने तंग व परेशान होकर खूब सोच विचार करने के बाद अपनी पत्नि को दिनांक 18.12.2025 को प्रथम तलाक व दिनांक 20.01.2026 को दूसरा तलाक व दिनांक 22.02.2026 को तीसरा तलाक देकर अपनी जोजियत से आजाद कर दिया है। तीनो तलाक को मेरी पत्नि ने सुनकर स्वीकार कर लिया है और आज से हम दोनो में बतौर पति पत्नि सम्बन्ध समाप्त हो गये है।

**मौहम्मद मुर्तजा पुत्र मौहम्मद मुस्तफा निवासी मौहल्ला लक्कड पटटी गांव कुटेसरा थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर**

# शादी का झांसा देकर किया दुषकर्म, रिपोर्ट दर्ज

## पंचायत के बाद परिजनों ने किया इंकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव की युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में पंचायत हुई तो शादी करने की सहमति बनी। परंतु प्रेमी को स्वजन ने बाहर भेज कर शादी से इन्कार कर दिया। आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले किसान की बेटी का आरोप है कि एक साल पहले गांव के ही युवक तस्लीम आरिफ ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। दोनों की मोबाइल पर बात होने लगी। एक दूसरे से मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ तो तस्लीम आरिफ ने युवती को शादी का झांसा दिया। आरोप है कि 16 जनवरी की सुबह उसने काल कर युवती को अपने घर बुला लिया। उस समय आरोपित के घर कोई नहीं था। उसने जल्दी ही शादी करने की बात कही तथा युवती के साथ दुष्कर्म किया। परंतु बाद में उसने शादी से इन्कार कर दिया। इस मामले को लेकर पीड़ित ने स्वजन को बताया। लिहाजा 5 फरवरी को गांव में जिम्मेदार लोगों की पंचायत हुई। जिसमें तस्लीम आरिफ व उसके स्वजन ने शादी की हामी भर ली। परंतु स्वजन ने प्रेमी को गांव से बाहर किसी दूसरे शहर में भेज दिया। उन्होंने शादी करने से इन्कार कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित तस्लीम आरिफ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# फ्लाईओवर पर घंटो लगा रहा जाम

## बेतरतीब ई रिक्शा संचालन ने बिगाड़ी ट्रैफिक व्यवस्था



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सोमवार को शहर की सड़के जाम की गिरफ्त में रही। बिजनौर रोड, स्टेशन रोड, टीपी चौराहा व फ्लाईओवर पर घंटो वाहन जाम मे फंसकर रेंग रेंग कर चलते रहे। घंटो जाम मे फंसे राहगीरों को दुशवरियों का सामना करना पड़ा और उनके पसीने छूट गए। किसी तरह ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाकर लोगों को राहत दिलवाई।

पांच दिन पूर्व यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन जाम प्लान धड़ाम हो गया था और जाम मे घंटो फंसे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में पसीने छूट गए और पेपर देने के लिए किसी तरह भागते दौड़ते सेंटर पहुंच कर उन्होंने राहत की सास ली थी। जाम की समस्या शहरवा. सियों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी कोई दिन ऐसा नहीं जो राहगीरों को जाम से दो चार होकर मिनटों का सफर घंटो मे तय न करना पड़ता हो। बेतरतीब ऑटो व ई रिक्शा के संच. ालन ने जाम की समस्या में अधिक इजाफा कर दिया है। स्टेशन रोड फ्लाईओवर, बिजनौर रोड, लकड़ा चौराहा, आजाद रोड, कोट चौराहा, मंडी चौब चौराहा इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को रोज जाम का सामना करना पड़ता है। शहर में बेतरतीब चल रहे ई रिक्शा संचालन ने जाम को समस्या में दोगुना इजाफा कर दिया है। रूट निर्धारत न होने से मुख्य चौराहों, मेन बाजार व पतली पतली गलियों में ऑटो व ई रिक्शा खुलकर दौड़ रहे जो जाम की समस्या को और मजबूती दे रहे है। मेन बाजार में कोट चौराहे से लेकर कोतवाली तक ऑटो व ई रिक्शा संचालन पर कोई कोई रोक टोक नहीं जिससे रोजाना दुक. ानदारों और ओर ग्राहकों को परेशानिया झेलनी पड़ती है। फरवरी के खत्म होते ही गर्मी का प्रकोप बढ़ना शुरू हो जाता आने वाले दिनों में भीषण गर्मी ऊपर से जाम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनेगा। प्रशासन को जल्द इसके लिए ठोस प्लान तैयार कर लोगों को इससे निजात दिलानी होगी नहीं तो राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बजाया बिगुल



## सोशल मीडिया पर हैशटेग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों ने आंदोलन तेज कर दिया है। प्रांतीय आह्वान पर विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाई।

22 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैशटैग के साथ दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक देशभर के शिक्षकों ने ट्वीट कर विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों का दावा है कि यह अभियान दो घंटे तक विश्व स्तर पर ट्रेंड करता रहा। इसके बाद 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के पहले दिन जिले के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालयों में पढ़ाई कराते हुए बाजू पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना उचित नहीं है। उनकी मांग है कि सरकार संसद में विधेयक लाकर पुराने शिक्षकों को इस बाध्यता से मुक्त करे। 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर संयुक्त धरना-प्रदर्शन के बाद पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विकास चौहान समेत अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों से शांतिपूर्ण एवं संगठित तरीके से आंदोलन जारी रखने की अपील की है।

# त्यौहारों को भाईचारे के साथ मनाया जाए

## कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आगामी त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। मुख्य उद्देश्य होली और रमजान के पवित्र महीने को शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराना रहा।

सोमवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जायेगी। उन्होंने अपील की कि हिंदू-मुस्लिम भाई मिलकर दोनों त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाये। कानून व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि होली के उत्सव में खलल डालने वाले और शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश सिंह, मुकेश गुप्ता, यूसुफ अली, नूर मोहम्मद, चमन अंसारी, मनोज गोयल, सचिन गुप्ता, संदीप गुप्ता, दिनेश गौतम, कुलदीप अग्रवाल और अरविंद उर्फ अन्ना आदि मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आगामी त्योहारों को गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा देश का किसान

## भारतीय किसान यूनियन एकता उगरांहा के वरिष्ठ किसान नेता जोगिंदर सिंह उगराहां का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जोगिंदर सिंह

**■ दरियापुर बुजुर्ग में किसानों को किया संबोधित**

उगराहां का जोरदार स्वागत किया गया और रैली निकाली। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक किसान साथियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनका अभिनंदन किया।



ब्लॉक क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार जोगिंदर सिंह उगराहां ने स्वागत के लिए प्रदेशाध्यक्ष चौधरी विजयवीर सिंह का विशेष धन्यवाद किया। किसानों को संबोधित करते हुए श्री उगराहां ने कहा कि देश का किसान आज गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए फ्री ट्रेड डील को किसानों के हितों के खिलाफ बताया और कहा कि इससे देश के किसानों की आय और खेती पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की मांग दोहराई और कहा कि जब तक एमएसपी को कानून का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने किसानों की कर्ज माफी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बढ़ते कर्ज के कारण किसान आर्थिक और मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने गन्ना किसानों की समस्याओं को उठाते हुए गन्ना मूल्य बढ़ाने और बकाया भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की। उन्होंने बिजली बिल 2025 को भी किसान विरोधी बताते हुए कहा कि इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी विजयवीर सिंह ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान एकजुट होकर ही अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर कँवरजीत सिंह, बली सिंह चीमा, कुलदीप पुनिया, निर्भय सिंह, रवि चौधरी, प्रदीप चौधरी, नरेश धारीवाल, देवेंद्र सिंह, कामील चौधरी, इकबाल सैफी, अमित चीमा आदि किसान मौजूद रहे।

## गोवंशीय पशु के अवशेष मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। रामगंगा पोषक नहर के किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले हैं। मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी है। जनपद बिजनौर के थाना शिवाला के गांव अराजी भैंसा के रवि पुत्र महेन्द्र सिंह का आरोप है कि आज सुबह उन्हें गांव बीलना स्थित राम गंगा पोषक नहर के किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष दिखाई दिये। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। उन्होंने पुलिस को लिखित में तहरीर देते मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## मधुमक्खी पालन के लिए अनुदान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता, नौगांवा सादात**। भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है कि जिला उद्यान विभाग से मधुमक्खी पालन के पात्र व्यक्तियों को अनुदान नही मिल रहा है। किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को तत्काल इसका लाभ दिलाया जाये। ग्राम पंचायत नगली शेख में एक किसान ने आरटीआई लगायी थी जिसका अभी तक जवाब नहीं दिया गया है। गांव बांसखेड़ी से गजस्थल तक सड़क टूटी पड़ी है जिसकी तत्काल मरम्मत करायी जाये। ज्ञापन देने वालों में ओमवीर सिंह, रामरतन सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह, लल्लू सिंह, धर्मदीप त्यागी व महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। सड़क पर जा रहे हैं वृद्ध को एक मोटरसाइकल सवार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल का उपचार मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। थाना क्षेत्र के गांव मझोला निवासी वृद्ध नेमपाल सिंह 21 फरवरी को साईकिल गजरौला की ओर जा रहे थे, जब वे फौन्दापुर गांव में स्थित शराब की दुकान के सामने पहुंचे तभी एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल के पुत्र राहुल की ओर से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क किनारे खड़े पेड़ से हादसे की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुरादाबाद क्षेत्र में सड़क पर खड़े पेड़ से कार टकराने की दुर्घटना में गर्भवती महिला, ससुर समेत तीन की मौत की घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। इसी तरह नगर के कुमराला पुलिस चौकी के पास भी सड़क पर

**■ बीती रात बरेली क्षेत्र में भी हुई पेड़ से टकराई थी कार**

एक खड़ा पेड़ हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन इस ओर न तो वन विभाग का ध्यान है और न ही पुलिस और प्रशासन का। बता दें



कि बीते दिन बरेली क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराई कार में रामपुर के कल्याणपुर शहजादपुर निवासी गोविंद की पत्नी मोनी, उसके पिता खेमकरन व एक रिश्तेदार रामगुलाम की मौत हो गई थी। जबकि कई घायल थे। ऐसा ही एक पेड़ धनौरा मार्ग पर बिल्कुल सड़क के पास है, जिससे वाहन टकराने की घटना का अंदेशा बना रहता है। लेकिन इस ओर न तो वन विभाग का ध्यान है और न ही पुलिस और प्रशासन का। यहां से कुछ ही दूरी पर वन विभाग की चौकी भी बनी है और पास में ही कुमराला चौकी भी बनी है। वन विभाग के रेंजर अवनीश कुमार ने बताया कि वह एक दो दिन में मौके पर जाकर मुआयना करेंगे और स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराएंगे।

# हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हाईवे पर बृजघाट की निकट प्राइवेट बस में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें एक यात्री की मौत हो गयी जबकि एक यात्री घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुँच गयी और युवक के शव को कब्जे में लेकर शव को मोर्चरी के लिए भेजा, वहीँ घायल यात्री को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार एक प्राइवेट बीती रात दिल्ली से लखीमपुर खीरी जा रही थी। रात 12 बजे ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में ट्रक ने बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार यात्री शिवम वर्मा पुत्र बृजेश वर्मा गांव चहमनपुर थाना खमरिया लखीमपुर खीरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि यात्री रंजन गुप्ता घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुँच गयी और युवक के शव को कब्जे में लेकर शव को मोर्चरी के लिए भेजा, वहीँ घायल यात्री को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के परिजनों को भी फोन के माध्यम से सूचित किया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुयी है। घायल को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क निर्माण की मांग को चेयरमैन को दिया ज्ञापन

## आजाद समाज पार्टी ने उठायी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आजाद समाज पार्टी ने गोकुलधाम कॉलोनी में सड़क बनवाये जाने को लेकर पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य एवं मंडल प्रभारी देवेंद्र बैंसला के नेतृत्व में नगर पालिका पहुंच गये। कार्यकर्ताओं ने पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन देते हुए कहा कि उनकी कालोनी में अत्यंत गंभीर समस्या है। 15 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। परंतु आज तक निर्माण समुचित जल निक. ासी एवं स्वस्थ पेय जल जैसी मूलभूत नागरिक सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। बल्कि स्थानीय प्रशासन की



कार्य पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। गोकुलधाम कॉलोनी के निवासी नियमित रूप से हाउस टैक्स एवं विद्युत बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। लेकिन समाधान एवं नागरिक तत्वों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने पालिका अध्यक्ष एवं ईओ से कॉलोनी का सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश को और कमेटी की सदस्य इमरान ठेकेदार, संजू सागर, मोनू शाहबाजपुरिया, सतेंद्र प्रधान, मनोज कुमार आदि मौजूद थे। इस मामले में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य देवेंद्र बैंसला ने बताया।

# उत्कृष्ठ गौ संरक्षण के लिए जनपद को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले को निराश्रित गौवंश संरक्षण व गौशाला संचालन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश स्तर पर सम्मान मिला है। लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में में दुग्ध विकास विभाग एवं पशुपालन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश गौ धन समागम में यह सम्मान प्रदान किया गया।

प्रदेश के 75 जनपदों में से चयनित पांच जिलों के अधिकारियों और गौशाला संचालकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपर मुख्य सचिव दुग्ध विकास मुकेश मीशर्म, दुग्ध आयुक्त की उपस्थिति में अमरोहा के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वस्त, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त तथा ब्लॉक धनौरा के अस्थायी गौ आश्रय स्थल

## लखनऊ में डीएम व सीडीओ सम्मानित




डींगरा की संचालक ग्राम प्रधान श्रीमती अमीर जहां को सम्मानित किया गया। राजकीय व्यस्तताओं के कारण जिलाधिकारी और सीडीओ कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। उनका सम्मान चिन्ह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त ने प्राप्त किया।

# नार्दन इण्डिया के खेल समारोह में 'वज्र सदन' बना विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के हाइवे स्थित नार्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो ने किया। समारोह में वज्र सदन विजेता व विक्रांत सदन उपविजेता रहे।

सोमवार को विद्यालय में आयोजित खेल समारोह में शिक्षक विधायक ने कहा कि जीवन में खेल हो या फिर कोई अन्य क्षेत्र, हमें हार से कभी हताश नहीं होना चाहिए बल्कि फिर से कठिन परिश्रम करना चाहिए, एक न एक दिन हमें सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके वातावरण को मांगलिक ऊर्जा से भर दिया। छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

**■ शिक्षक विधायक ने किया समारोह का शुभारंभ**

खेल समारोह में आयोजित बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में छात्र जयवर्धन, अर्पित, आदर्श, निशांत भड़ाना, आयुष कुमार, नितिन चौधरी, शिवा यादव, पवित्र कुमार आदि खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ग्रीन हाउस की टीम ने रेड हाउस को हराया। वॉलीबाल में ग्रीन हाउस ने येलो हाउस को पराजित किया। बालिका वर्ग की कबडडी में छात्रा नैन्सी पाल, हवी सिद्धू, माही सिरोही के शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए ग्रीन हाउस को जीत दिलाई। बैडमिंटन में छात्र तनिष्क, यॉम्या सिंह, अक्षर, मोही और अविरल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि टेबल टेनिस में तनिष्क, आयुष शर्मा, गरिमा व अविलर ने अपने अपने वर्ग में जीत हासिल की। कैरम व स्केटिंग में तनिष्क, अयाज, अदीब, सिद्धू और ख्याति ने जीत हासिल की जबकि स्केटिंग में शयान, नमामि, सांची व हरदीन ने स्वर्ण पदक जीते। खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने विज. ेताओं को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी आदि देकर सम्मानित किया। प्रबंधक राक. ेश मोहन गर्ग ने आभार व्यक्त किया।



## मन्दिर से घंटा चुराने वाला गिरफ्तार

**सैदनगली**। पुलिस ने मंदिर चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी हुआ पीतल का घंटा भी बरामद किया गया है। ग्राम झुंडी माफी स्थित एक मंदिर से पीतल का घंटा चोरी होने की शिकायत राजपाल भगत पुत्र छदम्मी द्वारा दर्ज कराई गई थी। पुलिस टीम ने अभियुक्त नेमपाल उर्फ नेपाल पुत्र मवासी, निवासी ग्राम रुद्रपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से करीब 2.136 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा बरामद हुआ।

# सैदनगर में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव आयोजित

शाह टाइम्स



रामपुर। सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में प्री-प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय ह्नहमारा आंगन झ हमारे बच्चेह्न उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। इसके बाद स्कूल की ओर से सरस्वती वंदना और स्वागत गीत का सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने बच्चों की बुनियादी शिक्षा में पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के समन्वय से बच्चों की शिक्षा को मजबूत किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाई जा रही गतिविधियों जैसे कार्य पुस्तिकाओं, एनबीटी की किताबें, बाल वाटिका में पेंटिंग, चाइल्ड फ्रेंडली फर्नीचर, चार लर्निंग कॉर्नर और आउटडोर प्ले मैटीरियल के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत कक्षा एक में आने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराया जा रहा है। इस अवसर पर 20 आंगनबाड़ी बच्चों और 30 निपुण कक्षा एक-दो के बच्चों को अध्ययन किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना के साथ एआरपी चंचल सिंह, हरीश कुमार, प्रभात कुमार, विजय मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, अनीसा लतीफ, डॉ. रिजवान, मुजाहिद खान, नाजिम अली सहित अन्य अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी डॉ. सरफराज अहमद ने किया।

# रामपुर में ट्रिपल राइडिंग का कहरः ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, भाई-बहन गंभीर

शाह टाइम्स

रामपुर। ट्रिपल राइडिंग के चलते एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है। इस भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कोठरा गांव निवासी रितिक अपनी बहन बब्ली और गांव निवासी दोस्त अजय के साथ रिश्तेदारी में धमोरा जा रहा था। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे उनकी बाइक नैनीताल बाईपास स्थित भमरोवा रोड पर पहुंची ही थी कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अजय कुमार (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रितिक और उसकी बहन बब्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भारी भीड़ जुट गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है तथा दो लोग घायल हैं। अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में इस हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है।

# पैन कार्ड मामले में बहस जारी, 25 फरवरी को सुनवाई

शाह टाइम्स

रामपुर। दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की अपील पर सोमवार को अभियोजन पक्ष की बहस जारी रही। बहस पूरी नहीं हो सकी, अब मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। बचाव पक्ष ने सजा के खिलाफ और अभियोजन पक्ष ने सजा बढ़ाए जाने को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की है। डूंगरपुर मामलाः 12 मार्च अगली तारीख रामपुर। आजम खां के खिलाफ डूंगरपुर बस्ती कब्जा प्रकरण में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। वर्ष 2019 में गंज थाना में दर्ज इस मामले की अब अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी।

# चाट का ठेला लगाने वाले के साथ तीन लोगो ने की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

मसवासी । ठेला लगा कर चाट पकोड़ी बेचने वाले से तीन लोगो ने की मारपीट। मारपीट करने के के मामले मे तोनो के खिलाफ कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज अभय कुमार मौर्य निवासी सुल्तानपुर पट्टी। घोसी पुरा चोराहै पर चाट पकोड़ी का ठेला लगाता है अभय कुमार ने दी तहरीर मे कहा है कि वह अपना ठेला लगा रहा था कि सुल्तानपुर पट्टी निवासी तीन लोग सुमित अरुन सूरज ठेले पर आये ओर कहने लगे तू बडा स्मार्ट बनता है और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जिस्से उसके काफी चोटे आयी है अभय कुमार मौर्य ने सुल्तानपुर पट्टी निवासी सुमित, अरुन सूरज के खिलाफ मारपीट करने की कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# रामपुर में सड़क हादसों का कहर सालभर में 301 मौतें

## 2026 में अब तक 50 जानें गई

शाह टाइम्स

रामपुर। जिले में सड़क हादसों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। वर्ष 2025 में कुल 494 सड़क दुर्घटनाओं में 301 लोगों की मौत हुई, जबकि 337 लोग घायल हुए। औसतन हर माह 25 लोगों की जान गई। साल 2026 की शुरूआत भी चिंताजनक रही है। जनवरी से अब तक 65 हादसे हो चुके हैं, जिनमें 50 लोगों की मौत और 44 लोग घायल हुए हैं। जनवरी माह में 37 हादसों में 23 लोगों की जान गई, जबकि फरवरी के 23 दिनों में ही 27 मौतें दर्ज की गईं। मात्र दो दिनों में 10 लोगों की मौत ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में बोर्ड परीक्षा देने जा रहे तीन छात्रों की बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई, जिसमें तीनों की मौत हो गई और एक छात्र घायल है। चारों छात्र एक ही बाइक पर सवार थे और किसी ने हेलमेट नहीं पहना था। हादसों के पीछे तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी, तीन सवारी और हाईवे पर अवैध कट प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल राहत और रोकथाम के निर्देश दिए हैं। सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें कर एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और यातायात विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। लगातार बढ़ते हादसे जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# यूजीसी जेआरएफ नेट 2025 खिजरपुर शन्नो बी का कमाल AIR 33 हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

शाह टाइम्स



रामपुर । ब्लॉक सैदनगर के ग्राम खिजरपुर की निवासी हमीद अली की सुपुत्री शन्नो बी ने वत्रह्र ठएळ 2025 की UGC JRF परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (AIR) 33 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है, इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे परिवार एवं ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है, शन्नो बी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि शन्नो की यह सफलता मेहनत, लगन और अटूट समर्पण का प्रतिफल है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी, ग्राम खिजरपुर के लिए यह क्षण गर्व का है, क्योंकि गांव की बेटी ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच देशभर में 33वां स्थान प्राप्त कर नई मिसाल कायम की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से इंजन मिस्त्री की मौत

शाह टाइम्स

रामपुर। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में लघुशंका के लिए जा रहे इंजन मिस्त्री की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। लोको पायलट ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। वहां से सूचना मिलने पर जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोशनबाग अहमदनगर जागीर का है। यहां पर रहने वाले जलील अहमद(45) इंजन मिस्त्री था। उसका घर रेलवे ट्रैक के किनारे है। परिजनों के अनुसार रात करीब दो बजे जलील अहमद को लघुशंका लगी। जिस पर वह घर से निकलकर पटरियों की ओर जाने लगे। तभी ट्रेन ने जलील को चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोको पायलट ने हादसे ही सूचना कंट्रोल रूम व जीआरपी को दी। इस बीच परिजन भी जब घर के बाहर आए तो जलील का शव देखकर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रामपुर में होली की आहटः बाजारों में बढ़ी रौनक, सजी रंग-पिचकारियों की दुकानें

शाह टाइम्स

रामपुर। होली का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में उत्साह और रंगत दिखाई देने लगी है। प्रमुख बाजारों–मिस्टन गंज और ज्वालानगर–में रंग, गुलाल, पिचकारी और आकर्षक मुखौटों की दुकानें सज चुकी हैं। दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए अपनी दुकानों को रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में खरीदारी अपने चरम पर पहुंचेगी। हालांकि कुछ ग्राहक महंगाई को लेकर मोलभाव करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहार वाले दिन भीड़भाड़ से बचने के लिए वे पहले ही खरीदारी करना उचित समझ रहे हैं। होली की तैयारियों के साथ बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है और शहर में त्योहार की खुशबू साफ महसूस की जा सकती है।

अदालत श्रीमान एम०ए०सी०टी०
जज महोदय, रामपुर
एम०ए०सी०पी० - 226/2021

1- श्रीमती नूर सबा उम्र करीब 36 साल पत्नी महूम इशरत खां (मरहूम/मृतक इशरत खां की बीबी)
2- मरहम शुऐब रजा उम्र करीब 13 साल पुत्र मरहूम इशरत (मरहूम/मृतक इशरत खां का बेटा) नालिग पिटीशनर नं०-02 जरिये वाद मित्र एवं मां हकीकी, संरक्षिका श्रीमति नूर सबा हाल निवासीगण बी0-44 आसरा कालौनी पहाड़ी गेट थाना सिविल लाईन जिला रामपुर (उ०प्र०)....पिटीशनर्स बनाम
1- जनरल मैनेजर/मैनेजर एच०एस० लोजिस्टिक्स सोल्यूशन पता हामिदा नो अपोसिट लाल कोठी सहारनपुर रोड हरियाणा यमुनानगर (हरियाणा) पिन कोड 135001 (दुर्घटना करने वाले डम्पर वाहन नं०-एच०आर०-58 डी०- 1996 का मालिक)
2-जनरल मैनेजर/मैनेजर ओरियन्टल इन्शोरेन्स कम्पनी लि० पता सर्विसिंग ऑफिस इन्शोरर डिविजनल ऑफिस श्री कृष्ण प्लाजा सेफिट रोड शोभमपुरा जिला उदयपुर राजस्थान हाल स्थायी पता पुराने रोडवेज के पीछे थाना-सिविल लाईन्स जिला रामपुर (मृतक को दुर्घटना में मारने वाले डम्पर नं०-एच०आर०-58 डी०- 1996 की बीमा कम्पनी के मालिक का पता)
3-करन सिंह उम्र 31 साल पुत्र हरभजन सिंह निवासी खेरतिया कुयायुदियाला घाट पोस्ट बाबरपुर थाना टिकुनिया निघासन खीरी उ०प्र०। पिन नं0- 262906 (दुर्घटना के समय डम्पर नं०-एच०आर०-58 डी0-1996 के चालक का नाम व पता 99999
4- मैसर्स एस०आर० अरबन प्रोजेक्ट पूरा पता ग्लैक्सी अपार्टमेन्ट प्रेम नगर बरेली उ०प्र० (खड़ा डम्पर यू०पी०-25 सी०टी०-4799 के मालिक का नाम व पता)
5-प्रबन्धक दि ओरियन्टल इन्शोरेन्स कम्पनी लि० पता पुराना रोडवेज के पीछे थाना सिविल लाईन्स जिला रामपुर (खड़ा डम्पर यू०पी०-25 सी०टी०-4799 पॉलिसी नं०-224600 /31/2025/7674 की बीमा कम्पनी का नाम व पता)....विपक्षीगण

इश्तेहार

चूंकि उपरनामांकित पिटीशनर्स जरिये दुर्घटना क्लैम पिटीशन उपरोक्त विपक्षी नं०- 03 डम्पर रजि० नं०- एच०आर०- 58 डी०- 1996 के चालक व विपक्षी नं०-04 डम्पर नं०- यू०पी० -25 सी०टी० 4789 मैसर्स एस०आर०- अरबन प्रोजेक्ट के मालिक खिलाफ दाखिल की गयी है। अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप नियत तारीख 13-04-2026 को अदालत में सुबह 10 बजे हाजिर होकर अपना जवाब/ प्रतिवाद दाखिल करें तथा वह समस्त कागजात दाखिल करें जो कि आपके बादोत्तर के हक में हो।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप विपक्षीगण नं०- 03, व 04 उपरोक्त नियत तारीख पर हाजिर नहीं होते है तो आपकी गैर हाजरी में नियम अनुसार एक पक्षीय कार्यवही की जायेगी।

जवाब दाखिल करने व विवादक अभिर्नरन की तारीख 13-04-2026

आज अदालत को आज्ञा अनुसार मय हस्ताक्षर एवं अदालत की मुद्री सहित तारीख 21-02-2026 जारी किया गया।

आज्ञा अनुसार प्रबन्धक मुसरिम रीडर

# रामपुर में तंबाकू मुक्त रामपुर निर्देशिका भाग-3 का विमोचन

शाह टाइम्स



रामपुर। जनपद में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा लिखित ह्यतंबाकू मुक्त रामपुरह्न निर्देशिका भाग-3 का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह निर्देशिका जनपद में तंबाकू नियंत्रण संबंधी प्रयासों को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह पुस्तक स्वास्थ्य कार्यकताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा आमजन को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार की गई है। निर्देशिका में तंबाकू सेवन से होने वाले विभिन्न रोगों, उससे होने वाली शारीरिक एवं सामाजिक हानियों, बढ़ते प्रकोप, तंबाकू त्यागने के प्रभावी उपायों, उपलब्ध उपचार सुविधाओं तथा जनपद में संचालित कार्यक्रमों का समग्र विवरण समाहित किया गया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. सक्सेना सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की डीपी लगे नंबर से भेजे अश्लील मैसेज

शाह टाइम्स

रामपुर। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की डीपी लगे नंबर से एक युवक के नंबर पर अश्लील मैसेज भेजे। युवक की बेटी के किसी एप के जरिए अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर भेज रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस तरह के मैसेज आने से उसकी छवि खराब हो रही है। पीड़ित ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गेट पर रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी। उसका कहना था कि 20 फरवरी की रात को उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजे। जिस नंबर से मैसेज आ रहे हैं उसके पुलिस की डीपी लगी हुई है। आरोप है कि मैसेज भेजने वाले ने उसकी बेटी के किसी एप के माध्यम से अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए और उसके नंबर पर भेज दिए। एक वीडियो में वह लोग गुलफाम का नाम ले रहे हैं और कह रहे हैं कि उसी ने पीड़ित की बेटी का फोटो उनके पास भेजा है। लगातार मैसेज आने से उसका परिवार दहशत में हैं। वहीं डर है कि वह लोग यह फोटो और वीडियो वायरल करके उसकी सामाजिक छवि को खराब कर सकते हैं। पुलिस ने इस मामले में गुलफाम व संबंधित मोबाइल नंबर स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला 1437 मरीजों का हुआ सफल उपचार

शाह टाइम्स

रामपुर। जिले में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला योजना के तहत 38 पीएचसी और यूपीएचसी पर विशेष स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि इन कैंपों में कुल 1437 मरीजों का इलाज किया गया, जिसमें पुरुष 547, महिलाएं 724 और बच्चे 166 शामिल थे। नोडल अधिकारी डॉ. चहल ने बताया कि कैंपों में 51 डॉक्टर और 218 पारा मेडिकल स्टाफ तैनात थे। इस दौरान जिले में 392 गोल्ड कार्ड बनाए गए। सबसे ज्यादा मरीज त्वचा रोग (स्किन) से पीड़ित पाए गए।सभी कैंप में शामिल

अजीतपुर 86, बड़गांव 50, बड़ाखास 67, बढ़पुरा 21, बाग छोटे साहब 58, बरेली गेट 103, बेगमाबाद 34, भवरका 46, बिलासपुर 71, चमरव्वा 27, दड़ियाल 21, ढकिया 31, धमोरा 57, डोंकपुरी 35, दोमहला 54, घेर मियां खां 62, केमरी 78, काशीपुर 27, खेमपुर 25, कोयला 7, मानपुर ओझा 28, मसवासी 38, मीरापुर 22, मिलकखानम 34, नागलिया आकिल 21, नवाबगंज 22, पैगंबरपुर 27, परम 18, पटवाई 40, पीपली नायक 15, पंजाब नगर 21, रजपुरा 46, रमपुरा 24, सैदनगर 8, सैफनी 41, शहजादनगर 29, बिसारत नगर 15, डायमंड कॉलोनी 28 मरीज देखे गए। डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि यह योजना नियमित रूप से सभी पीएचसी/यूपीएचसी में जारी रहेगी ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो।

# विधायक आकाश सक्सेना के साथ समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल और समिति ने की बैठक

## तीन दिवसीय कथा नरसी का भात नानी बाई के मायरा हेतु तैयारियां समीक्षा

शाह टाइम्स



रामपुर। शहर के विधायक आकाश सक्सेना के साथ गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने लोहिया पार्क, ज्वाला नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य दिनांक 27 फरवरी से होने वाले तीन दिवसीय कथा नरसी का भात नानी बाई के मायरा के आयोजन के लिए तैयारियों का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान समिति के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, राम किशोर शर्मा, राजकुमार सिंह, नरेश शर्मा, बीना अग्रवाल, राज रानी शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक विनोद श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने सभी तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

# गन्ना बुवाई को लेकर जागरूकता रैली, किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों की दी जानकारी



शाह टाइम्स

रामपुर। गन्ना विकास विभाग, Rampur द्वारा Triveni Sugar Mill, मिलक नरायनपुर में गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। रैली का शुभारंभ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव एवं महाप्रबंधक (गन्ना) विपिन खाटियान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मिल एवं विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषकों को समय से बुवाई, प्रमाणित एवं उन्नत किस्मों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई कर उत्पादन बढ़ाने और आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की अपील की। रैली के दौरान विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किसानों को जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का एआरओ राज कुमार ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स




रामपुर। पंजाब नगर एडिशनल पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण सहायक शोध अधिकारी राज कुमार चमरव्वा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता और मरीजों के उपचार का जायजा लिया। निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट अरिफ माशूद खा, स्टाफ नर्स निकिता, एएनएम गजल, एल.टी फिजा (उढ), विशाल सिंह (T.B), डब्ल्यू/बी चंद्रपाल सिंह, डॉक्टर मोमिना कमाल और हरीओम सिंह आदि मौजूद थे इस मेले में उपस्थित मरीजों का समय पर सफल उपचार किया गया और आयुष्मान कार्ड धारकों सहित सभी मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। एआरओ राज कुमार ने बताया कि स्थानीय लोग और मरीजों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सहज और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराई गईं।

# बुझिया पेट्रोल पंप के पास भीषण हादसा

■ ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में बुझिया पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शाही की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां एक युवक की रास्ते में और दूसरे की उपचार के दौरान मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गांव डूंगरपुर निवासी सोनू (20) पुत्र जयपाल अपने ममेरे भाई विशाल (20) पुत्र ओमकार निवासी कटरा, थाना देवरनिया के साथ शेरगढ़ की ओर से शाही की तरफ अपने गांव लौट रहा था। तभी बुझिया पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद बाइक और दोनों युवक ट्रक के नीचे आ गए। आरोप है कि चालक ने ट्रक नहीं रोका और काफी दूर तक बाइक व युवकों को घसीटता चला गया। बाइक ट्रक के पहिए में फंस गई, जिसके बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे का दृश्य इतना भयावह था कि सड़क पर खून से लथपथ पड़े युवकों को देख लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले सोनू ने दम तोड़ दिया, जबकि विशाल की इलाज के दौरान कुछ ही देर में मौत हो गई।बताया जाता है कि सोनू तीन भाइयों में सबसे छोटा था, जबकि विशाल दो भाइयों में बड़ा था। विशाल दो दिन पहले ही अपने फूफा के घर डूंगरपुर आया था और सोमवार सुबह अपने घर लौट रहा था। दोनों युवकों की मौत की खबर से गांव में मातम छा गया।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नकल विहीन परीक्षा कराने को प्रशासन अलर्ट

■ बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर डीएम का औचक निरीक्षण
■ सीसीटीवी, ड्यूटी रजिस्टर और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में चल रही उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम अविनाश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने विकासखंड आलमपुर जाफराबाद के सैदपुर कनी भोलापुर स्थित समाज कल्याण इंटर कॉलेज तथा आलमपुर जाफराबाद में ही स्थित ग्राम्य विकास इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया और परीक्षा संचालन की स्थिति का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने परीक्षा की शुचिता पर विशेष ध्यान देते हुए कुछ परीक्षार्थियों की व्यक्तिगत चेकिंग भी की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परीक्षा नकलविहीन तरीके से संपन्न हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को कक्षाओं में पर्याप्त दूरी पर बैठाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनुचित गति. विधि की संभावना न रहे।

डीएम ने परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता को कंप्यूटर कंट्रोल रूम में जाकर स्वयं जांचा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रहें और निगरानी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर और शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश देते हुए परीक्षा में लगे कर्मचारियों का ड्यूटी रजिस्टर भी चेक किया।

डीएम ने निर्देशित किया कि परीक्षा समाप्ति के उपरांत उत्तर पुस्तिकाएं पुलिस सुरक्षा में ही केंद्र से बाहर ले जाकर नियत स्थान पर जमा कराई जाएं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बोर्ड परीक्षा के दौरान पूर्ण सजगता, सतर्कता, दृश्यता और गतिशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

## एक नजर

### राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के तहत शपथ ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान सड़क सुरक्षा ने किया। शपथ ग्रहण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपात स्थिति में घायलों की सहायता के लिए आगे आने की प्रेरणा दी गई। विद्यार्थियों ने सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, बी.के. पद्मान, वीरेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल में चौथा स्थान पाने पर सलौनी गंगवार सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, परौरा की छात्रा सलौनी गंगवार ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में बरेली जनपद की टॉप-10 बालि. काओं में चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर मंगलवार को बरेली में आयोजित सम्मान समारोह में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मानित किया।



कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल एवं नवाबगंज विधायक डा. एमपी आर्य ने सलौनी को पांच हजार रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बरेली से लौटने पर विद्यालय परिसर में भी छात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रबंधक डा. सत्यवीर गंगवार, निदेशक पंकज कुमार एवं संरक्षक डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सलौनी को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सलौनी के पिता आदेश पाल गंगवार स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं। कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह का संचालन राजेश गंगवार ने किया। इस अवसर पर देवेश कुमार, अनुज कुमार, रेवतीनन्दन सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### चोरी की नामजद तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस को दी गई जवाबी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रविवार को कस्बे की देवश्री ने अपने बंद मकान का तोड़कर नकदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी किए जाने के मामले पर बस्ती के ही कई लोगों पर चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी, आज इसके जवाब में आरोपी एक महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

कस्बे की आदर्श नगर बस्ती की कोमल वर्मा द्वारा पुलिस को दी गई इस जवाबी तहरीर में देवश्री पर पुरानी रंजिश के चलते झूठी तहरीर दिए जाने का आरोप लगाया गया है। श्रीमती वर्मा के मुताबिक उन्हें कई बार झूठे मुकदमे में फंसाए जाने की धमकी दी गई। उन्होंने देवश्री के साथ ही क्रांति, सत्यपाल और पंकज से अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। दूसरी ओर देवश्री द्वारा दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज न किए जाने को लेकर उसने आला अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात कही है।

### दिल का दौरा पड़ने से व्यापारी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के रहने वाले व्यापारी हाफिज इस्लाम बरकाती का रविवार की शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, उन्हें आज सोमवार को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक कर दिया गया।

ग्राम के रहने वाले हाफिज इस्लाम बरकाती नगर में मियां की मस्जिद बस्ती में दुकान चलाते थे। बताया जाता है कि तीन दिन पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिन्हें तत्काल ही महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने रविवार की शाम आखिरी सांस ली। उनके इंतकाल की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो उन्हें देखने के लिए लोगों का तांता उनके आवास पर लग गया। सोमवार को हाफिज इस्लाम बरकाती को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक कर दिया गया।

उनके इंतकाल पर ग्राम प्रधान पति मुमताज अहमद, पूर्व प्रधान मो. सलीम अंसारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नवाब अहमद, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर आदिल हुसैन उर्फ बफाती, तसव्वर हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, अंजुमन के पूर्व सचिव जफरुद्दीन मंसूरी, प्रापर्टी डीलर तस्लीम अंसारी, अधिवक्ता मो. ताहिर अंसारी, मुराद अहमद अंसारी, निजाम हैदर जैदी, मो. अकरम अंसारी, सभासद गुड्डू, पूर्व सभासद अंसार अहमद पिंडारी, व्यापारी नेता महबूब हुसैन सावरी, जोगेंदर सूरी, डॉक्टर रिहान अहमद खां, रियासत पीसीओ, युवा नेता मो. अरशद अंसारी, यामीन अंसारी, आविद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके इंतकाल पर दु:ख जताते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की।

# अन्यपूर्णा गोदाम चयन को लेकर हो रही ग्राम पंचायत की खुली बैठक में हंगामा, मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सरकार की योजना के तहत ग्राम में बनाए जाने वाले अन्यपूर्णा गोदाम के चयन को लेकर ग्राम पंचायत की खुली बैठक में जमकर हंगामा हुआ। दो पक्षों के आमने सामने आ जाने से दोनों के बीच मारपीट हो गई। ग्राम प्रधान और दूसरे पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

ब्लॉक के गांव टांडा परोथी में अन्यपूर्णा योजना के तहत राशन के लिए गोदाम का निर्माण कराया जाना है। ग्राम पंचायत में चार ग्राम आते हैं, रहमतुल्लापुर, परोथी, टांडा और सरदारनगर। चारों ग्रामों का एक प्रधान है जो टांडा गांव के रहने वाले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान अपने गांव में गोदाम का निर्माण करा रहे हैं। इसकी एसडीएम उदित पवार से किए जाने के बाद उन्होंने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी, साथ ही ग्राम पंचायत की खुली बैठक में इसका निर्णय किए गए के आदेश दिए थे। एसडीएम के निर्देशों पर आज ग्राम परोथी के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत की खुली बैठक आयोजित की गई थी, जिसको लेकर चारों ग्रामों के लोग बैठक में पहुंचे थे।



इसी दौरान बैठक में प्रधान पक्ष और दूसरे पक्ष के लोग गोदाम के निर्माण को लेकर भिड़ जाने, और दोनों ओर से जमकर लात घूंसे चल गए।

ग्रामीणों के बीच हुए इस विवाद का मामला कोतवाली जा पहुंचा। बड़ी तादात में ग्रामीण थाने पहुंच गए, और एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। काफी देर तक चले आरोप प्रत्यारोप के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

# संयुक्त सचिव ने किया पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र मीरगंज के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरई दलपतपुर का सोमवार को भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल द्वारा निरीक्षण किया गया। संयुक्त सचिव अपराह्न करीब 12 बजे विद्यालय पहुंचे और विद्यालय की शैक्षिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के सभी कक्षा-कक्षों, विज्ञान प्रयोगशाला, सांस्कृतिक गतिविधि कक्ष, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब सहित शासन द्वारा पीएम श्री स्कूलों के लिए निर्धारित 19 मानकों के आधार पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान वे कक्षा 1 से 8 तक प्रत्येक कक्षा में गए, छात्र-छात्राओं से संवाद किया और शिक्षकों से शिक्षण कार्य के संबंध में जानकारी ली।



छात्रों ने कक्षाओं में पहुंचने पर उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।निरीक्षण के उपरांत संयुक्त सचिव ने विद्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया और कहा कि यदि कोई छोटी-मोटी कमियां हैं तो उन्हें विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शीघ्र दूर कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह, उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार सिंह, सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता एवं खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार उपस्थित रहे।

विद्यालय की ओर से प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्रा एवं विज्ञान अध्यापक डॉ. रोहिताश कुमार गंगवार ने संयुक्त सचिव को विद्यालय की उपलब्धियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# मौलाना के पीछे नमाज नहीं पढ़ने पर अधिवक्ता से मारपीट, चार नामजद समेत 54 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सेंथल कस्बे में अधिवक्ता के साथ मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। सेंथल निवासी अधिवक्ता अख्तर अली की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत 54 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार रविवार शाम वह अपने मकान में बने चौंबर में बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान करीब 54 लोग जबरन उनके चौंबर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। अधिवक्ता का कहना है कि आरोपियों ने मौलाना खुर्शीद के पीछे नमाज नहीं पढ़ने को लेकर विवाद किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान एक आरा. पी ने उनका गला दबाने की भी को. शिश की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया।

पीड़ित का आरोप है कि हमलाव. रों ने चैंबर में रखी जरूरी फाइलें और दस्तावेज फाड़ दिए तथा आग लगाने की धमकी भी दी। घटना के बाद अधिवक्ता ने हाफिजगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी प्रवीण सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर भूरा उर्फ इरफान मियां, वसीम मनीदार, मौलाना खुर्शीद, दानिश सहित 50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

■ 11 से 13 मार्च तक विशेष लोक अदालत का आयोजन
■ ज्यादा से ज्यादा वाद सुलह-समझौते से निपटाने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत बरेली एवं अपर जिला जज उमा शंकर कहार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चलानी वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित वाद, पारिवा. रिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण तथा बैंक ऋण संबंधी विवादों का निस्तारण सुलह-समझौता एवं अभीस्वीकृति के आधार पर किया जा सकेगा।



उन्होंने कहा कि लोक अदालत आपसी सहमति से विवादों के त्वरित और अंतिम समाधान का प्रभावी मंच है, जिसमें समय और धन दोनों की बचत होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली एवं अपर सिविल जज (सी.डि.) जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि विशेष लोक अदालत में लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सभी न्यायालयों द्वारा ऐसे मामलों का चयन कर लिया गया है, जिनका इन तिथियों में प्रभावी एवं सफल निस्तारण कराया जाएगा।

सचिव ने आम जनता से अपील की है कि वे तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत एवं 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का आपसी सुलह के माध्यम से निस्तारण कराएं। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित पराविधिक स्वयंसेवकों को विभिन्न तहसीलों, ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है, जो आमजन को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। प्राधिकरण ने विश्वास व्यक्त किया है कि जनसहभागिता से लोक अदालत को सफल बनाया जाएगा और अधिकाधिक वादों का त्वरित निस्तारण संभव होगा

# दिशा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, जनप्रतिनिधियों ने उठाए अहम मुद्दे

■ नवाबगंज विधायक का नंदीशाला निर्माण प्रस्ताव, 37 पंचायत सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विकास भवन सभागार में सांसद छत्रपाल सिंह गंग. वार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद नीरज मौर्य, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधायक बिथरी चौनपुर डॉ. राघवेंद्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ. एम. पी. आर्या सहित ब्लॉक प्रमुख एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पिछली बैठक के निर्देशों के अनुपालन और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। आलमपुर जाफराबाद के ग्राम दलीपुर में मनरेगा से बनी दीवार गिरने के प्रकरण पर 31 मार्च तक पुनर्निर्माण के निर्देश दिए गए। बिथरी चैनपुर ब्लॉक में बीएमएम की कार्यशैली पर आपत्ति के बाद उनका स्थानांतरण आलमपुर जाफराबाद किए जाने की जानकारी दी गई।



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से अब तक प्राप्त 23,465 आवासों के लक्ष्य में से 23,345 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं। सर्वे 2.0 के तहत 65,804 लोगों का सर्वे और 35,664 आवेदनों का शत-प्रतिशत पुनः सत्यापन कराया गया है। भदपुरा ब्लॉक में एक विधवा महिला की आवास पत्रावली बार-बार खोने की शिकायत पर डीएम अविनाश सिंह ने जांच के निर्देश दिए तथा बताया कि अब जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का लाइव अवलोकन हो रहा है, जिसे तहसील और ब्लॉक स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की बिथरी से मेहतरपुर करोड़ मार्ग के पुनर्निर्माण को स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों से सड़कों को हो रहे नुकसान पर सख्त कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई। बरेली-बीसलपुर मार्ग पर बहगुल नदी के पास संकरी पुलिया के निर्माण को प्राथमिकता देने और विद्युत पोल शिफ्टिंग के निर्देश भी दिए गए। नदियों के सीमांकन के मुद्दे पर बताया गया कि रामगंगा का सीमांकन हो चुका है, शेष नदियों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। नवाबगंज क्षेत्र में पनघैली और नकटिया नदी किनारे अवैध कॉलोनियों को रोकने की मांग उठी। जल जीवन मिशन के तहत 82 परियोजनाएं पूर्ण होने की जानकारी दी गई। नमामि गंगे परियोजना में हरूनगला स्थित 42 एमएलडी एसटीपी पर क्षमता से अधिक भार होने के कारण दूसरे एसटीपी का प्रस्ताव भेजा गया है।

विधायक नवाबगंज डॉ. एम.पी. आर्या ने दलेलनगर में गौशाला के पास खाली भूमि पर नंदीशाला निर्माण का प्रस्ताव रखते हुए विधायक निधि से 25 लाख रुपये बाउंड्रीवाल के लिए देने की घोषणा की। मधुनगला गौशाला की बाउंड्रीवाल स्वीकृत होने तथा भदपुरा जेई आरईडी को बदलने का अनुरोध भी किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 13 हजार अपात्र राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों को जोड़े जाने की जानकारी दी गई। 300 बेडेड अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए पत्राचार तथा उपकरणों के संरक्षण के निर्देश दिए गए। हाईवे पर खड़ी निजी एंबुलेंस हटाकर सरकारी एंबुलेंस को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। बैठक में नवाबगंज-सिंधौलिया-लाईखेड़ा मार्ग की मरम्मत, लंबित जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड संबंधी समस्याएं भी उठाई गईं। अंत में डीएम ने सभी अधिकारियों को दिशा बैठक को प्राथमिकता देने और जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा नवचयनित 37 पंचायत सहायकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा आउटकम बेस्ड सिस्टम पर जोर

■ संयुक्त सचिव अमित निर्मल ने किया निरीक्षण, बच्चों के सर्वांगीण विकास को बताया राष्ट्रीय धरोहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमित निर्मल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त पीएम श्री विद्यालयों में संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

संयुक्त सचिव ने कहा कि अब शिक्षा व्यवस्था को केवल कंप्लायंस बेस्ड सिस्टम तक सीमित न रखकर आउटकम बेस्ड सिस्टम की ओर बढ़ना होगा। बच्चों का सर्वांगीण विकास देश की धरोहर है, इसलिए उन्हें इस भावना के साथ शिक्षित किया जाए कि हम राष्ट्र के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

बैठक में उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। कंप्यूटर लैब, जल संचयन, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, खेल सुविधाएं, यूथ इको क्लब, गाइडेंस एवं करियर काउंसलिंग मेले, टीचिंग लर्निंग मटेरियल, बौद्धिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, कॉम्पिटेंसी बेस्ड असेसमेंट, स्कूल बैंड व संगीत कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने



निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें व यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाएं तथा मानसिक विकास हेतु नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, नवाचार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यालयों के पुस्तकालयों की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानाचार्यों से नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सक्रिय पहल करने को कहा।

बैठक से पूर्व संयुक्त सचिव ने पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय, चुरई दलपतपुर तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, बरेली का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय, आईसीटी लैब, कक्षाओं का अवलोकन किया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## टी-20 विश्व कप : सुपर आठ में जोरदार भिड़ंत के आसार

# इंग्लैंड-पाक के बीच मुकाबला आज



● अपने पिछले सुपर-8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मैच में मजबूत लय के साथ उतरेगा इंग्लैंड

● पाक की ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं

**पल्लेकेले, श्रीलंका।** इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की सोच और धीमी पिच पर पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाजी ताकत के बीच मंगलवार को टी-20 विश्वकप 2026 के सुपर आठ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होगा। पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल इंग्लैंड अपने पिछले सुपर 8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मुकाबले में मजबूत लय के साथ उतरेगा। उनकी बल्लेबाजी फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर जैसे खिलाड़ियों के माध्यम से पावरप्ले में तेजी से रन बनाने पर बनी है, जबकि जैकब बेथेल पांच मैचों में 133 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाकर टीम के लिए सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। हैरी ब्रूक और बेथेल से बीच के ओवरों में स्थिरता की उम्मीद है, जबकि डेथ ओवरों में सैम करण और विल जैक्स पर दारोमदार होगा। इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण भी शानदार रहा है, खासकर उनके पिछले मैच में जहां स्पिनरों ने इसी मैदान पर दस में से सात विकेट लिए थे। जोफ्रा आर्चर के पेस वेरिएशन और आदिल राशिद के स्पिन कंट्रोल से पाकिस्तान की बल्लेबाजी की रफ्तार को रोकने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है उसने अपने चार हुए ग्रुप मैचों में से तीन जीते हैं। उनकी ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं। उस्मान तारिक विशेषकर किफायती रहे हैं, उन्होंने प्रति ओवर केवल 5.82 रन दिए हैं, जिससे वह इस पिच पर गेम बदलने वाले गेंदबाज हो सकते हैं।

पाक की तकनीकी योजना मैच के दौरान 16 से 18 ओवर स्पिन गेंदबाजी करने पर फोकस करने की उम्मीद है। वहीं बल्लेबाजी की बात की जाए तो पाकिस्तान काफी हद तक साहिब. जादा फरहान पर निर्भर है, जिन्होंने चार मैचों में 164 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 220 रन बनाए हैं। सैम अयूब और सलमान आगा जैसे शीर्षक्रम का मकसद तेज शुरुआत देना होगा, जबकि बाबर और फखर जमान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से दबाव के समय पारी को संभालने की उम्मीद है। पल्लेकेले में पिच की कंडीशन बैलेंस्ड रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, धीरे-धीरे स्पिन गेंदबाजों को फायदा होगा। यहां पहली पारी का स्कोर आमतौर पर 150 से 170 रन के बीच होता है। ऐसा अनुमान है कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए 175 से 185 रन का लक्ष्य रख सकती हैं, जबकि पीछा करने वाली टीमों को उमस और बादल वाली शाम के हालात में सफल होने के लिए मजबूत मध्यमक्रम साझेदारी की जरूरत होगी। मैच की शुरुआत में स्विंग और बाद में स्पिन गेंदबाजो को मदद मिल सकती है।

# अभिषेक शर्मा 'ए' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें : गावस्कर



● खराब फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे स्टार बल्लेबाज को दिग्गज क्रिकेटर ने दी सलाह

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि खराब फॉर्म के कारण संघर्ष कर रहे अभिषेक शर्मा 'जीरो' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें। उन्होंने अभिषेक शर्मा को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए स्वयं को मजबूर नहीं करना चाहिए। सिगल लें और शुरुआत करें। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। जैसे ही उन्होंने एक रन लिया, उससे विश्वकप में उनके डक पर आउट होने का सिलसिला खत्म हुआ और उनके फॉर्म में लौटने की उम्मीदें बढ़ गई, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

रविवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, उन्हें पेसरों से चुनौती मिली, जिन्होंने उन्हें बड़ा स्कोर करने से रोकने के लिए वाइड और धीमी गेंदें फेंकी। यह साफ है कि युवा ओपनर को अपना गेम बेहतर करने की जरूरत है नहीं तो विरोधी टीम उसे बाहर कर सकती है। अभिषेक की स्थिति को कैसे हैंडल किया जाए, इस पर भारतीय कोचों की राय अलग-अलग थी। असिस्टेंट कोच रायन टेन डोएशेट ने कहा कि मुझे लगता है कि विश्वकप में आने से पहले अभि की तैयारी, एक समय पर उसे फूड पॉइजनिग हुई थी, इससे साफ तौर पर उसकी प्रोग्रेस में रुकावट डाली है, जहां हम उसे इस फेज में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि वह तैयार रहे और अपनी स्विंग और अपने गेम प्लान को लेकर कॉन्फिडेंट रहे और जब आप तीन जीरो स्कोर करते हैं तो यह आप पर भारी पड़ने लगता है। मैंने शुक्रवार रात नेट्स में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे, मुझे लगता है कि मैंने तब प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र किया था। लेकिन वह थोड़ा कमजोर लग रहा है और कोचिग स्टाफ के तौर पर हमारा काम इसे ठीक करना है। हमारे पास ऐसा करने के लिए चार दिन हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि मुझे लगता है कि यह कोई स्ट्रगल जैसा नहीं है। आज भी, मुझे लगा कि उसे अच्छी शुरुआत मिली है। अगर आप इस समय बैट्समैन से बहुत कुछ कहते हैं, तो उससे कुछ न कहना फायदेमंद है। हर प्लेयर के पास 2-3 मैचों का ऐसा स्लैक पीरियड होता है। और यह वही समय होता है जब पांच लोग सोचते हैं।

# किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

● पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज व थारुन भी होंगे

**मुलहेम एन डेर, वार्ता।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोर्टहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे। पुरुषों की एकल बैडमिटन रैंकिग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे।

उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे। पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिगल्स में भारत की कमान संभालेंगी।

तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी।

# गोल्फ विस्तार को 830 करोड़ का निवेश होगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर 10 शहरों की अपनी फेंचाइजी टीमों के जरिए गोल्फ के देशभर में विस्तार के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की है। यहां की गई घोषणा के अनुसार लीग ने 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ एक मजबूत ढांचा तैयार किया है। इसके अलावा 250 मिलियन डॉलर (करीब 2000 करोड़ रुपये) गोल्फ कोर्स बनाने के लिए अलग से रखे गए हैं। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में 8-10 एकड़ के छोटे गोल्फ कोर्स बनाए जाएंगे जिससे यह खेल बड़े और महंगे क्लबों से निकलकर स्थानीय मैदानों तक पहुंचेगा। इस खेल की पुरानी सीमाओं को तोड़ते हुए आईजीपीएल को एक बड़े और रोमांचक लीग फॉर्मेट में तैयार किया गया है ताकि प्रोफेशनल गोल्फ को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। इसके पहले सीजन में हैदराबाद, मुंबई, कोल. काता, दिल्ली, चेन्नई, विशाखापत्तनम, गोवा, बेंगलुरु, पंजाब और गुरुग्राम की टीमें खिताब जीतने के लिए आपस में भिड़ेंगी।

आईजीपीएल ने 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' शुरू करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), विमेंस गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजीएआई), पीजीए ऑफ इंडिया (पीजीएआई) और द गोल्फ फाउंडेशन (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। यह प्रोग्राम नए खिलाड़ियों को सीधे खेल के दिग्गजों से जोड़ता है। जीव मिल्खा सिंह, शिव कपूर, ज्योति रंधावा, गगनजीत भुल्लर, गौरव घई और एसएसपी चौरसिया जैसे महान खिलाड़ी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे, ताकि स्कूलों से लेकर प्रोफेशनल गोल्फ तक पहुंच सके। इस घोषणा को लेकर आईजीपीएल के मुख्य कार्यकारी उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि यह कोई आम खेल निवेश नहीं है। यह खेलों के जरिए बिजनेस बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण का एक खास मंच है। हमारे फेंचाइजी पार्टनर फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और वेंचर कैपिटल जैसे क्षेत्रों से आते हैं, और वे आईजीपीएल को एक खेल संस्कृति बनाने के एक बड़े मौके के रूप में देखते हैं। 100 मिलियन डॉलर का निवेश हमारे विजन में उनके भरोसे को दिखाता है।

# हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे : सूर्यकुमार

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हम सुपर आठ के अगले मैच में मजबूती के साथ वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि उम्मीद है कि अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण करेंगे।

बस इतना ही। हम इसे सरल रखने का प्रयास करेंगे। हम जैसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वैसा ही क्रिकेट खेलेंगे, और कुछ नहीं बदलेगा और मुझे लगता है कि हम मजबूती से वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार ने टूर्नामेंट में उसकी 12 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया और डिफेंडिंग चैंपियन को सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए



● भारतीय टी-20 कप्तान ने बल्लेबाजों व गेदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई

मुश्किल रास्ते पर छोड़ दिया। अब उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए अपने शेष सुपर आठ मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

### खेल विशेष

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स का शुभारंभ गुलमर्ग बना राष्ट्रीय खेल उत्सव का केन्द्र

**श्रीनगर, वार्ता।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को गुलमर्ग में 6वें खेलो इंडिया विटर गेम्स का विधिवत उद्घाटन किया। देश के प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र गुलमर्ग में आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1,000 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया विटर गेम्स एक साधारण खेल आयोजन से आगे बढ़कर राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। यह आयोजन शांति, समानता और सौहार्द के मूल्यों को पुनर्जीवित करता है तथा विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाले देश में एक साझा विरासत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विटर गेम्स जीवन की चुनौतियों का प्रतिबिब हैं, जो खिलाड़ियों में दृढ़ता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। गिरना, गलतियों का विश्लेषण करना और बेहतर बनकर उठना-यही खेल की असली सीख है, जिसे स्कीयर यहां आत्मसात करेंगे। उपराज्यपाल ने इस आयोजन के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलो इंडिया विटर गेम्स राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सम्मान साथ-साथ चल सकते हैं और आज समाज को इसी भावना की आवश्यकता है। अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्की माउंटेनियरिग जैसी स्पर्धाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता, वर्षों की मेहनत और अदम्य साहस का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में खेल क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया।

# 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 24 से 27 तक

**वडोदरा, वार्ता।** 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 2026, 24 से 27 फरवरी तक यहां समा इनडोर कॉम्प्लेक्स में खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे।

अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत होने वाले इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते सितारे भी भाग लेंगे। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप के दौरान एक्शन में दिखेंगे। पीकेएल सीजन 12 के टॉप तीन रेडर शामिल हैं,अयान लोहचब (हरियाणा), जिन्होंने शानदार 316 रेड पॉइंट बनाए, देवांक दलाल ने 271 रेड पॉइंट बनाए,

● चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी शामिल होंगे

और भरत हुड्डा, जिन्होंने 230 रेड पॉइंट के साथ सीजन खत्म किया। आशु मलिक, जिन्होंने पिछले सीजन में दबंग दिल्ली को टाइटल जिताने में मदद की थी, रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अर्जुन देशवाल एक बार फिर कप्तानी करते दिखाई देंगे जब वह उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में दीपक शंकर (तमिलनाडु) जैसे उभरती हुई प्रतिभा भी दिखेगी, जिन्होंने बेंगलुरु बुल्स के लिए 64 टैकल पॉइंट बनाए और उन्हें पीकेएल 12 में सीजन का न्यू यंग प्लेयर चुना गया। पुणेरी पल्टन के रेडर आदित्य लशदे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्होंने पांच सुपर रेड समेत 159 रेड पॉइंट बनाए। हरियाणा के डिफेंडर नितेश कुमार, जिन्होंने 65 टैकल पॉइंट्स और पांच हाई-5 के साथ एक और शानदार परफॉर्मर किया है, वे भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे।

साथ ही, होनहार खिलाड़ी अनिल (हिमाचल प्रदेश) और उदय पराते (मध्य प्रदेश) भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन सर्विसेज, जिसमें देवांक दलाल, नवीन कुमार, भरत हुड्डा, अंकित जगलान और जयदीप दहिया जैसे स्टार खिलाड़ियों की लाइनअप है, अपना टाइटल बचाने के इरादे से टूर्नामेंट में उतरेगी। रेलवे, हरियाणा और महाराष्ट्र की टीमें भी उतनी ही मज़बूत हैं। इन टीमों से उन्हें कड़ी मुश्किल मिलने की उम्मीद है, जिससे एक कड़े मुकाबले वाली चैंपियनशिप का माहौल बनेगा। यह टूर्नामेंट एलीट और उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी एक बेहत. रीन प्लेटफॉर्म का काम करेगा।

# रणजी ट्रॉफी का दिलचस्प मुकाबला आज

## कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जे-के पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा

कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जम्मू-कश्मीर पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा-

हुबली, वार्ता। हुबली क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल में मेजबान कर्नाटक अपने दबदबे की विरासत को जारी रखने, जबकि जम्मू-कश्मीर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर पहली चैंपियन बनने उतरेगा। एक ओर जहां घरेलू कर्नाटक क्रिकेट टीम है। जो अनुभव, स्वभाव और बड़े मैचों की जानक. ारी के बल पर आठ बार चैंपियन बनी है। वहीं दूसरी ओर 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम के संघर्ष और जूनून की कहानी है। कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप में जबरदस्त दम और अंतर्राष्ट्रीय पहचान है। केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की क्लास और संयम टॉप पर स्थिरता देते हैं, जबकि मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे अनुभवी घरेलू चैंपियन रेड-बॉल में अपना दबदबा साबित करते हैं। कर्नाटक के इस सीजन में घरेलू सनसनी स्मरण रविचंद्रन का भी जलवा रहा है, जिन्होंने जबरदस्त औसत से रन बनाए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजो में से एक बन गए हैं। श्रेयस गोपाल के ऑलराउंड असर के साथ, कर्नाटक का फॉर्मूला आसान है। टोटल बनाना, सेशन को कंट्रोल करना और गेम को बेरहमी से खत्म करना। लेकिन क्रिकेट, खासकर लंबे प्रारुप के फाइनल में, शायद ही कभी यह सबसे बड़े नामों से तय होता है। यह उन खिलाड़ियों से तय होता है जो जब मोमेंटम बदलने लगता है तो चुपचाप मैच को एक साथ रखते हैं। वहीं जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए, यह फाइनल केवल एक चैंपियनशिप मुकाबला नहीं है, यह इतिहास है। उनका पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहु. चना पहले ही सीजन की सबसे इंस्पायरिग कहानियों में से एक बन गया है। उनका अभियान किसी एक सुपरस्टार पर निर्भर रहने के बजाय मिलकर लड़ने की भावना के आस-पास बना है। इस कहानी के शांत हीरो ऑलराउंडर आकिब नबी रहे हैं। टूर्नामेंट में 50 से अधिक विकेट और बल्ले से निचले क्रम में अहम योगदान के साथ, उन्होंने टीम के प्रेशर-ब्रेक स्पेशलिस्ट की तरह काम किया है। जब साझेदारी बढ़ने लगीं, तो उन्होंने ब्रेकथ्रू दिलाए। जब बल्लेबाजी के गिरने का खतरा था, तो उन्होंने पारी को संभाला। जम्मू और कश्मीर की बल्लेबाजी को पारस डोगरा जैसे अनुभवी कप्तान ने भी संभाला है, जिनकी दबाव वाली स्थिति में शांत मौजूदगी ने युवा खिलाड़ियों को गाइड किया है। शुभम खजूरिया और कमरन इकबाल के टॉप-ऑर्डर सपोर्ट ने शुरुआती मोमेंटम दिया है, जबकि अब्दुल समद और आबिद मुश्ताक की मध्यमक्रम स्टेबिलिटी ने दबाव बनने पर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया है। कर्नाटक अपने पारंपरिक चैंपियनशिप ब्लूप्रिंट पर निर्भर रहेगा। प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वाथ कवरप्पा जैसे तेज गेंदबाजी विकल्प की लीडरशिप में गेंदबा. जी आक्रमण और अनुभवी कैंपेनर्स का सपोर्ट यह पक्का करता है कि वे लहरों में अटैक कर सकें। श्रेयस गोपाल का स्पिन कंट्रोल अक्सर पिच के टूटने पर अहम हो जाता है। हुबली की पिच के असली टेस्ट मैच जैसा बनने की उम्मीद है। शुरुआती दिनों में बाउंस और मूवमेंट वाले तेज गें. दबाजों को फायदा होगा, जबकि धैर्य दिखाने वाले बल्लेबाज स्कोरिग फेज में हावी रहेंगे। तीसरे और चौथे दिन तक, जैसे ही सतह पर दरारें दिखेंगी, स्पिनर गेम को कंट्रोल करना शुरू कर देंगे।

# यह सोचकर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है : साक्षी



● कहा : अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं तो मुझे बस जीतकर वापस आना है

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रीय में प्रशिक्षण ले रही मिडफील्डर साक्षी राणा का कहना है कि मैं हर दिन यह सोचकर निकलती हूं कि मूझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यहां राष्ट्रीय शिविर में मुख्य कोच शोर्ड मारिन और साइंटिफिक एडवाइजर वेन लोम्बार्ड के दिशा निर्देश में चल रहे प्रशिक्षण शिविर को लेकर 18 वर्षीय साक्षी ने कहा कि हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं, तो मुझे बस जीतकर वापस आना है। अभी, हमें बस हर एक दिन कड़ी मेहनत करनी है और कोच ने हमारे लिए जो भी प्लान बनाया है, उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जिन चीजो में हमारी कमी है, वे हमें दिन-ब-दिन उन पर काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वेन सर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कितनी ताकत और फिटनेस की आवश्यकता है, और हमें रिकवरी का महत्व सिखा रहे हैं। जहां तक स्ट्रक्चर की बात है, वे सब कुछ धीरे-धीरे और साफ-साफ समझा रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी भी हम जूनियर खिलाड़ियों को लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कि हमारी वन-ऑन-वन मीटिंग्स में, कोच ने मुझसे कहा कि मैं जो कर रही हूं, वही करती रहूं, लेकिन उन्होंने मेरी प्री-स्कैनिग और ऑन- फील्ड कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया, क्योंकि मैं सेंटर में खेलती हूं। टीम मीटिंग्स में, हम स्ट्रक्चर पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। बॉल को कैसे पकड़ना है और चकमा देने के बजाय कब पास करना है, यह जानना, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बहुत जल्दी आ जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत के एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 क्वालिफायर तेलंगाना के हैदराबाद में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ शुरू होंगे।

# दक्षिण अफ्रीका ने आगामी सीजन के लिए तीन देशों के साथ कार्यक्रम की घोषणा की

**प्रिटोरिया, वार्ता।** दक्षिण अफीका ने सामवार को आगामी सीजन में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश और इंग्लैंड के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज और सफेद गेंद सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका आज यहां घोषित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच किंग्समीड स्टेडियम से शुरू होगी। इसके बाद मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तीन टेस्ट मैचों सीरीज का शुरुआत मैच नौ अक्टूबर से डरबन में शुरू होगा, इसके बाद गकेबरहा (18-22 अक्टूबर) और न्यूलैंड्स (27-31 अक्टूबर) क्रमश: बाकी दो मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद बंगलादेश अगले दो मैचों की टेस्ट सीरीज से शुरू होने वाले एक और बहु-प्रारुप टूर के लिए आएगा। सीरीज का पहला मैच 15 से 19 नवंबर तक वांडरर्स स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मैच 23 से 27 नवंबर तक की मेजबानी सेंचूरियन करेगा। इसके बाद चार दिन बाद सफेद गेंद चरण में 1-7 दिसंबर के बीच ईस्ट लंदन, गेकेबरहा और केप टाउन में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी। तीन टी-20 किम्बरली, बेनोनी और सेंचुरियन में 10 से13 दिसंबर के बीच होंगे। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज है।

## अफगानिस्तान मार्च में यूएई में सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान मार्च में पहली बार सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच यूएई में 13 से 25 मार्च तक खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के मैच 13, 15 और 17 मार्च को शारजाह में और एकदिवसीय मुकाबले 20, 22 और 25 मार्च को दुबई में खेले जायेंगे। टी-20 सीरीज आठ मार्च को टी-20 विश्वकप खत्म होने के ठीक पांच दिन बाद शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और पीएसएल दोनों के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले खत्म होगी। दोनों देशों के खिलाड़ी - दासुन शनाका, राशिद खान, कुसल परेरा और नूर अहमद, और दूसरे दोनों फ्रेंचाइजी कॉम्पिटिशन की अलग-अलग टीमों में हैं। यह दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली दूसरी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज है। वहीं एकदिवसीय यह अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच चौथी द्विपक्षीय सीरीज होगी।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राजनीति का गिरता स्तर

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में रविवार को एफआईआर दर्ज की। दरअसल जगदगुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज की पॉकसो कोर्ट में दो बच्चों को पेश कर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाए हैं। इसी को आधार बनाकर कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद रविवार की देर रात मुकदमा दर्ज हो गया। इसी के साथ राजनीति भी शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता कर जगदगुरु राम भद्राचार्य के बारे में कहा कि एक समय उन पर मुकदमे दर्ज थे, जो उन्होंने वापस लिए थे। यह मुझसे गलती हुई थी। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई शंकराचार्य के खिलाफ देखने में आई, वह बदले की कार्रवाई ज्यादा लगती है। जिसमें एफआईआर दर्ज हुई है यह मामला बीस वर्ष पुराना बताया जा रहा है। कोई भी पूछ सकता है कि आखिर बीस वर्षों तक इस मामले पर चुप्पी क्यों साधी गई। इस तरह की कार्रवाई तभी देखने में क्यों आई जब पिछले दिनों माघ मेले में गंगा स्नान को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद को रोका गया। सरकार और शंकराचार्य के बीच जिस तरह तू-तू मैं मैं बढ़ी कि अविमुक्तेश्वरानंद बिना स्नान किए ही वापस चले गए। उम्मीद थी कि यह मामला शीघ्र शांत हो जाएगा, लेकिन समय के साथ-साथ और तूल पकड़ता जा रहा है। गंगा स्नान रोकने से शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच तू-तू मैं मैं तक पहुंच गया है। हालात तो इतने विकट हो गए हैं कि अब दोनों ही एक दूसरे को अस्तित्व की चुनौती दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि शंकराचार्य अपने संबंध में सबूत दिखाएं। जहां तक बात विपक्षी नेताओं की है, उन्होंने इस मुद्दे को तुरंत लपक लिया है और वह शंकराचार्य के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। उसको सनातन धर्म से जोड़कर देख रहा है। सपा प्रमुख एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो राजनीतिक मौका ताड़ प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को सीधे ऑफर दे दिया है कि अगर वह भाजपा के सौ विधायक लाते हैं तो सीएम की कुर्सी पा सकते हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कह डाला कि यह ऑफर सिर्फ एक हफ्ते के लिए है। हालांकि दोनों सीएम का रुख शंकराचार्य को लेकर अपने सीएम से इतर रहा है। बहुत संभव है अखिलेश यादव उनके रुख को भांपकर यह ऑफर पेश कर रहे हैं। ये सब बातें तो राजनीति में चलती रहती हैं, लेकिन जिस तरह का तमाशा शंकराचार्य को लेकर इस समय देखने में आ रहा है उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

## छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं, उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं, मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए, फिर चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों, या कोई और राहुल गांधी को इन लोगों को जिम्मेदारी देनी चाहिए, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सीएम ममता बनर्जी का समर्थन करने पर मेरा कहना है कि मैं खुद टीएमसी में ममता दी का पहला नेशनल सेक्रेटरी था, मैं दिसम्बर 1997 के आखिर में यहां पार्टी में शामिल हुआ था। लेकिन तीन हफ्ते के अंदर ही मुझे एहसास हो गया कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं, तो फिर मैं वहां क्या करता, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ दी।

**-मणिशंकर अय्यर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे!





**रोहित कौशिक**

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया तो उन पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे। इसके बाद एक प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी देश आगे बढ़ता है, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी उस खुशहाली में रंग में भंग डालते हैं और विकास को बाधित करते हैं। संबित पात्रा ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राहुल गांधी की साजिश बताया और कांगेस को टॉपलेस, ब्रेनलेस और शेमलेस कहा। सवाल यह है कि अगर एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन गलत है तो फिर संबित पात्रा का यह बयान सही कैसे हो सकता है? क्या यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और संबित पात्रा का यह बयान अतिवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। अब भाजपा के लोग जगह-जगह राहुल गांधी के पुतले फूंक रहे हैं। राहुल गांधी को देश का गद्दार बताया जा रहा है।

दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में प्रदर्शन कर सरकार की किसी नीति का विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। सवाल यह है कि क्या एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जरूरी था या फिर किसी अन्य जगह भी प्रदर्शन किया जा सकता था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध करने वाले अनेक पत्रकार यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहराया रहे हैं। नीतियों का विरोध करना ठीक है लेकिन क्या इस आधार पर यूथ कांग्रेस के इस व्यवहार को सही ठहराया जा सकता है? शायद कांग्रेस के अंदर भी यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर लोग एकमत नहीं हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यूथ कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन सही था लेकिन गलत जगह पर था। ऐसी जगह जहां ज्ञान-विज्ञान का अस्थाई केन्द्र बनाया गया हो, वहां इस तरह का विरोध क्या देश हित में था ? एक ऐसी जगह जहां कई देशों के प्रतिनिधि एआई पर केन्द्रित रचनात्मक योगदान दे रहे हों, वहां इस तरह का व्यवहार क्या कांग्रेस को कोई नई प्रतिष्ठा दिला पाएंगा ? विरोध करने की सही जगह भी होनी चाहिए। हालांकि ऐसे लोग और पत्रकार जो हर महीने नरेन्द्र मोदी की सरकार गिरने की घोषणा करते रहते हैं, वे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहरा रहे हैं, लेकिन कुछ बातें कांग्रेस को अपने स्तर पर गंभीरता से सोचनी होंगी। निश्चित रूप से राहुल गांधी लगातार सवाल उठा रहे हैं और मेहनत कर रहे हैं। लेकिन क्या उनकी मेहनत सही दिशा में जा रही है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के कुछ क्रियाकलाप राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं ? या फिर कभी-कभी राहुल गांधी स्वयं भी अपनी ही मेहनत पर पानी तो नहीं फेर रहे हैं ? जहां कांग्रेस को लगता है कि सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए वहां उसे विरोध करना चाहिए। लेकिन यदि जनता में यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस तो हर बात का विरोध कर रही है तो वह स्वयं कांग्रेस के लिए भी शुभ नहीं होगा। सही जगह पर सही तरीके से विरोध होना चाहिए। सवाल यह है कांग्रेस के नेता उस तरह से सड़कों पर क्यों नहीं दिखाई देते हैं, जिस तरीके से उन्हें दिखाई देना चाहिए ? क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए। राहुल गांधी को नहीं बल्कि सवाल उठाने वाले हर नागरिक को भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश करती है। भाजपा का यह चरित्र हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता है। आज भाजपा कांग्रेस के विरोध करने के तरीके पर सवाल उठा रही है लेकिन यदि भाजपा विपक्ष में होती तो क्या वह भी कुछ इसी तरह का व्यवहार नहीं कर रही होती। आज भाजपा बार-बार यह सिद्ध करने का प्रयास करती है कि पूरा विपक्ष भारतीय संस्कृति और देश के खिलाफ है। लोकतंत्र में भाजपा की इस मानसिकता को उचित नहीं कहा जा सकता। सत्ता में होने के कारण भाजपा से ज्यादा गंभीरता की उम्मीद की जाती है, लेकिन कई बार भाजपा के अनेक नेताओं के बयान न्यूनतम मर्यादा को भी ताक पर रख देते हैं। बहरहाल एआई समिट में यूथ कांग्रेस का इस तरह से किया गया विरोध प्रदर्शन गलत है तो इस मुद्दे पर भाजपा द्वारा राहुल गांधी को गद्दार घोषित करने के प्रयास को उचित कैसे ठहराया जा सकता है।

**क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आप नहीं आपके अंगों को खा जाएंगे ये सभी आहार

**यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं।**

हाल ही में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अध्ययन ने तेजी से वजन घटाने और चयापचय लाभों के लिए जाने-माने कीटोजेनिक आहार के छिपे हुए जोखिम को उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने उच्च वसा और अत्यधिक कम कार्बोहाइड्रेट पर आधारित इस आहार से चूहों के अंगों में सेनेसेंट (वृद्ध) कोशिकाओं का संचय होते देखा है। सेनेसेंट कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो विभाजन करना बंद कर देती हैं लेकिन मरती भी नहीं। आम तौर पर हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें साफ कर देता है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा तंत्र अपना काम भलीभांति नहीं कर पाता और जमा होने वाली सेनेसेंट कोशिकाएं ऊतक के कार्य को बाधित कर सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती हैं। वास्तव में, कीटोजेनिक आहार शरीर को कार्बोहाइड्रेट की बजाय वसा का उपयोग करने के लिए मजबूर करता है, जिससे कीटोन नामक अणु उत्पन्न होते हैं। आम तौर पर कीटो आहार लेने वाले लोग अपनी कैलोरी का 70 से 80 प्रतिशत वसा से और केवल 5 से 10 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत, एक औसत अमेरिकी के आहार में लगभग 36 प्रतिशत वसा और 46 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होता है। वैसे तो यह आहार मूल रूप से 1920 के दशक में बच्चों में मिर्गी के इलाज के लिए विकसित किया गया था लेकिन यह वजन तथा रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने की चाह रखने वालों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।

दरअसल, सैन एंटोनियो स्थित टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के विकिरण कैंसर विशेषज्ञ डेविड गियस के नेतृत्व में शोधकर्ता यह जांच कर रहे थे कि कीटो आहार के कारण च53 प्रोटीन पर किस तरह के असर होते हैं। p53 प्रोटीन कैंसर से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह कोशिकीय सेनेसेंस का नियमन भी करता है। प्रयोगों के दौरान उन्होंने देखा कि उच्च वसा (जो कुल में से लगभग 90 प्रतिशत कैलोरी देता है) वाले कीटोजेनिक आहार से चूहों के दिल, गुर्दे, यकृत और मस्तिष्क में p53 और सेनेसेंट कोशिकाओं के अन्य संकेतकों का स्तर बढ़ा था। इसके विपरीत, आहार में वसा से केवल 17 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त करने वाले चूहों के नियंत्रण समूह में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई।



यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं लेकिन अगर वे लंबे समय तक बनी रहती हैं तो सूजन पैदा कर सकती हैं और ऊतकों को क्षति भी पहुंचा सकती हैं। लिहाजा, आहार की सुरक्षा सम्बंधी निष्कर्ष निकालने से पहले मनुष्यों में इन कोशिकाओं के हानिकारक प्रभाव को प्रदर्शित करना जरूरी है। वैसे, अध्ययन यह भी कहता है कि सभी कीटोजेनिक आहार एक जैसे नहीं होते। वसा और प्रोटीन स्रोतों में भिन्नता से इनके परिणाम अलग-अलग भी हो सकते हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि चूहों में देखे गए प्रभाव सभी कीटोजेनिक आहारों पर एक समान रूप से लागू होंगे। बहरहाल, कीटोजेनिक आहार विभिन्न स्वास्थ्य लाभ तो प्रदान करता है लेकिन इस अध्ययन की मानें तो संतुलन और समय-समय पर इस आहार से ब्रेक लेकर सामान्य भोजन अपनाना समझदारी होगी। फिर भी इस संदर्भ में अधिक शोध आवश्यक है ताकि सुरक्षित और प्रभावी कीटोजेनिक आहार के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा सकें। तब तक, कीटोजेनिक आहार लेने वाले लोग प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए नियमित ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं।

**-साभार**

# जलवायु परिवर्तन के लिए प्रभावी तरीके खोजना अहम

जैसे-जैसे जलवायु संकट गहराता जा रहा है, इस पर कार्रवाई के लिए प्रभावी तरीके खोजना उतना ही अर्जेंट होता जा रहा है। इस सम्बंध में एक आशाजनक साधन रोल-प्लेइंग गेम द्धआरपीजीऋ हो सकता है। यह गेम खिलाड़ियों को एक आभासी वातावरण में जटिल स्थितियों से निपटने का काम देता है जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया पर खतरा पैदा किए बिना अपने उपायों के दीर्घकालिक प्रभावों को समझने में मदद मिलती है। इस सम्बंध में नेचर में सैम इलिंगवर्थ ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

**यथार्थ विश्व में निर्णय**


यह बहुत ही दिलचस्प खेल है जिसमें आपको एक निर्णायक व्यक्ति की भूमिका में रखा जाता है। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि आप एक तटीय शहर के मेयर हैं, और आपको यह तय करना है कि भविष्य में बाढ़ से बचने के लिए समुद्र की दीवार कितनी ऊंची बनाई जाए। इस निर्णय में आपको बाढ़ के जोखिम और दीवार के निर्माण की लागत के बीच संतुलन बनाना है। और वह भी यह जाने बिना कि समुद्र का स्तर कितनी तेजी से बढ़ेगा। ऐसे जटिल निर्णय लेने वाले परि.श्यों को इस तरह रोल-प्ले के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझा जा सकता है।

**खेल-खेल में सीखना**

टेराफॉर्मिंग मार्स (यानी मंगल का पृथ्वीकरण) जैसे खेल खिलाड़ियों को नैतिक दुविधाओं से परिचित कराते हैं। मसलन संसाधन खर्च की प्राथमिकता अंतरिक्ष औपनिवेशीकरण हो या पृथ्वी पर समस्याओं को हल करना। इसके हर सत्र में इस बात पर तीखी बहस होती है कि मंगल जैसे किसी ग्रह पर हरित स्थानों का निर्माण करना और रहने योग्य शहर बनाना बेहतर होगा या यहां पृथ्वी की समस्याओं को दुरुस्त करना। इसी तरह, इलिंगवर्थ ने गेम शोधकर्ता पॉल वेक और जलवायु चौरिटी पॉसिबल के साथ मिलकर ताश का एक खेल बनाया था - कार्बन सिटी जीरो। इसमें प्रत्येक खिलाड़ी पहला शून्य कार्बन शहर बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। लेकिन इससे मिले फीड बैक से उन्हें समझ में आया कि प्रतिस्पर्धा वाला पहलू गलत संदेश देता है तो उन्होंने इसी खेल का नया संस्करण बनाया - कार्बन सिटी जीरो वर्ल्ड एडिशन। इसमें खिलाड़ी शून्य-कार्बन शहरों का निर्माण करने के लिए सहयोग करते हैं। यह खेल जलवायु संकट से निपटने में टीमवर्क की भूमिका को उजागर करता है।

**मैजिक सर्किल की शक्ति**

मैजिक सर्कल आधारित गेम्स में नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, डे-ब्रेकश नामक खेल में खिलाड़ी विश्व नेताओं की भूमिका निभाते हैं जो जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं। गेम में नियम लागू होते हैं जिनमें पर्यावरणीय लक्ष्य भी निर्धारित होते हैं और दंड का प्रावधान भी होता है। जैसे यदि उत्सर्जन कम नहीं किया जाता है तो दंड यह होता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने लगता है और समुदायों पर संकट मंडराने लगता है, लेकिन देखा गया है कि ऐसे खेल जिनमें एक तयशुदा प्रक्रिया हो और परिदृश्य भी सीमित हों, उनमें रचनात्मक समाधानों की गुंजाइश कम होती है। इस संदर्भ में, टेबल टॉप रोल प्ले खेल कहीं ज्यादा लचीलापन और निजी अनुभव प्रदान करते हैं। खिलाड़ी गेम डिजाइनर के मार्गदर्शन में अपने पात्र और कहानी गढ़ते हैं। डंजियन एंड ड्रैगन्स जैसे गेम खिलाड़ियों को अपने-अपने पात्र की पृष्ठभूमि कथा तैयार करने का मौका देते हैं, जो खेल के दौरान विकसित होती रहती है। अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित आरपीजी खिलाड़ी गैर-खिलाड़ियों की तुलना में अधिक समानुभूति प्रदर्शित करते हैं और अधिक समाज-हितैषी व्यवहार दर्शाते हैं। अधिक समानुभूति वाले लोग पर्यावरण-हितैषी निर्णयों पर अधिक ध्यान देते हैं, जैसे टिकाऊ उत्पादों का अधिक इस्तेमाल। हालांकि, इस बात के स्पष्ट प्रमाण तो नहीं हैं कि आरपीजी का प्रत्यक्ष संबंध विशिष्ट पर्यावरणीय कार्रवाइयों से होता हैं लेकिन ऐसा लगता है कि समानुभूति को बढ़ावा देकर वे जलवायु कार्रवाई को प्रोत्साहित कर सकते हैं। उपरोक्त संभावनाओं की प्रेरणा से रूटेड इन क्राइसिस टेबलटॉप आरपीजी उभरा है जिसे शोधकर्ताओं, शिक्षकों और गेम डिजाइनरों की एक वैश्विक टीम ने विकसित किया है। इस गेम में जलवायु सम्बंधी प्रामाणिक जानकारी को कथा में गूंथा जाता है। जैसे, एक खेल में खिलाड़ियों को एक जादुई शहर में रखकर भयानक बाढ़ के बाद आपदा राहत पर बातचीत के लिए छोड़ दिया जाता है। या वे किसी आसन्न आपदा के साए में अंतरिक्ष में किसी स्थान की खोज करने जैसी विचित्र परिस्थिति का सामना करते हैं। इस तरह के खेलों को अपनाने में कई दिक्कतें भी आती है। वैज्ञानिकों द्वारा समर्थित होने पर भी इन्हें अक्सर बचकाना माना जाता है। आलोचकों को यह भी चिंता है कि ऐसे खेल जटिल वैज्ञानिक डैटा और नीति संबंधी चर्चाओं का अतिसरलीकरण सकते हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, रूटेड इन क्राइसिस में ऐसे परिदृश्य शामिल किए गए हैं जो वास्तविक दुनिया की जलवायु चुनौतियों को दर्शाते हैं। इसमें बढ़ते समुद्र स्तर पर शहर की प्रतिक्रिया का प्रबंधन करने, हितधारी समूहों का मुकाबला करने और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी के लिए बातचीत करने जैसे विषय शामिल किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को संबोधित करने में खेलों की शक्ति कुछ लोगों के व्यक्तिगत अनुभवों से



प्रमाणित हुई है। खेल अलग-अलग व्यक्तित्वों को अपनाने और विभिन्न स्थितियों में समानुभूति और समस्या-समाधान का अभ्यास करने के अवसर प्रदान करते हैं।

**स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल: त्रिशूली नदी में गिरी बस, 18 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धादिग में रविवार देर रात एक बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के राष्ट्रीय अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, धादिग के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के चरौंडी में हुए बस हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोखरा से काठमांडू जा रही बस देर रात 1:15 बजे त्रिशूली नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं। इनमें से 24 को आगे के इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। एक घायल यात्री न्यूजीलैंड का नागरिक है। उसे इलाज के लिए मालेखु टीचिंग अस्पताल भेजा गया है।

### जॉर्डन ने फलस्तीन के पश्चिमी तट में भेजी राहत सामग्री

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को छह ट्रकों का एक मानवीय सहायता काफिला फलस्तीन के पश्चिमी तट स्थित नब्लूस में जॉर्डन के फील्ड हॉस्पिटल के लिए रवाना किया, जिसमें चिकित्सा, खाद्य और राहत सामग्री भेजी गई। जॉर्डन सशस्त्र बलों (जेएएफ) द्वारा भेजे गए इस काफिले में अस्पताल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा उपभोग्य सामग्री, खाद्य वस्तुएं और पानी शामिल थे। जेएएफ के एक बयान के अनुसार, अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकीय और तकनीकी टीमों के माध्यम से चिकित्सा और उपचार सेवाएं लगातार प्रदान कर रहा है, जिससे मौजूदा हालात में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतें पूरी करने और उन पर पड़ रहे बोझ को कम करने में मदद मिल रही है।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोए से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### नीता भूषण पोलैंड में भारत की नई राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। सुभूषण अभी न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त हैं।



बारामूला। गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के आरंभिक समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ग्रीनलैंड के पीएम बोले: ट्रम्प की 'हॉस्पिटल शिप' की जरूरत नहीं

**ओस्लो।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक नील्सन ने रविवार को कहा कि उनके देश को अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी जाने वाली 'हॉस्पिटल शिप' में कोई रुचि नहीं है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर एक 'हॉस्पिटल शिप' ग्रीनलैंड भेज रहे हैं ताकि देश में जो भी लोग बीमार हैं, उनका इलाज किया जा सके। नील्सन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि इस प्रस्ताव का जवाब है 'नहीं, धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है, जहां नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

# अफगान पर एयरस्ट्राइक कर 80 लड़ाके मारे: पाक

## कहा: टीटीपी को टारगेट किया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया, अफगान बोला: 16 नागरिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने सोमवार को बताया कि अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी मीडिया डान ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। हालांकि सरकार ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया।

दरअसल, पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। सेना ने कहा कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 7 कैंपों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। वहीं अफगानिस्तान सरकार ने कहा कि हमले में मासूम नागरिकों को निशाना बनाया गया। मीडिया चैनल टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23



■ पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी

लोग मलबे के नीचे दब गए। अमेरिकी मानवा. धिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था। समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे।

# मेक्सिको में सबसे बड़ा ड्रग माफिया मारा गया

## ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू, समर्थकों ने एयरपोर्ट-मॉल में आग लगाई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आग. जनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था।

उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है।

इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि



■ सेना के ऑपरेशन में ड्रग माफिया सरगना मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं

एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओ. विदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है। जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचो की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट आर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमे. रिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है। मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है। दूसरी तरफ, कार्टेल्स मेक्सिको में इतने शक्तिशाली बन चुके हैं कि कई इलाकों में वे पुलिस और सरकार को चुनौती देते हैं।

## मेक्सिको में हिंसा भड़कने के बाद भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** भारत ने मेक्सिको में रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और 'कानूनी गतिविधियों के आसपास के क्षेत्रों' से दूर रहने की सलाह जारी की है। यह परामर्श मेक्सिको पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात ड्रग माफिया के मारे जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर दिया गया है। मारे गए ड्रग माफिया की पहचान नेमेसियो रुबेन ओसेगुएरा सर्वांटेस उर्फ 'एल मेंचो' के रूप में हुई है, जो जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का सरगना था। वह सैनिकों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ था। मेक्सिको सिटी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद कई इलाकों में हिंसक घटनाएं सामने आईं। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिक ऐसी जगहों से दूर रहें जहां विधिक एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अपने आसपास के माहौल के प्रति सजग रहें, सुरक्षित स्थान पर शरण लें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

# ट्रम्प के रिजार्ट मे घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।

मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो

■ गन और फ्यूल केन लेकर अंदर घुसने की को. शिश कर रहा था

एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शाटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नार्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शाटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है। ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था। 20 साल के हमलावर ने 400 फीट की दूरी से ट्रम्प पर असाल्ट राइफल से गोली चलाई थी। यह गोली उनके कान को छूते हुए गुजरी थी। इसके बाद ट्रम्प की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर को तुरंत ढेर कर दिया था। ट्रम्प को गोली लगने के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने कवर कर लिया।

# ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत का तीसरा दौर गुरुवार को

**काहिरा।** अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है, और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त

■ ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है: अराघची

प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महा. निदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें 'रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने' के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बात. चीत अराघची के उस बयान के बाद हुई।

# तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेश सेना में फेरबदल

## भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर प्रमोशन दिया, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ भी बदला

**ढाका।** बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही तारिक रहमान ने सेना में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। जारी आद. ेशों में ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर नई नियुक्तियां की गईं। भारत में तैनात रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल एमडी हाफिजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर प्रमोट किया गया है।

उन्हें वापस बुलाकर 55वीं इन्फैंट्री डिविजन का जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद मैनूर रहमान को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) बनाया गया है। वे इससे पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डाक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह ली है, जिन्हें रिटायरमेंट लीव पर भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सोमवार को आर्म्ड फोर्स डिवीजन में पदभार ग्रहण किया।



■ लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्र बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर ( पीएसओ ) बनाया गया है


मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेस इंटेलिजेंस (डीजीएफआई) का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आर्मी मुख्यालय में ब्रिगेडियर जनरल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मेजर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम की जगह ली है, जिन्हें फिलहाल विदेश मंत्रालय में राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्रा बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है। वे इससे पहले चटगांव स्थित 24वीं इन्फैंट्री डिविजन के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) थे। मौजूदा पीएसओ लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कामरुल हसन को विदेश मंत्रालय में राजदूत के पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है। मेजर जनरल जेएम एमदादुल इस्लाम को ईस्ट बंगाल रेजिमेंटल सेंटर का कमांडेंट नियुक्त किया गया है। वहीं मेजर जनरल फिरदोस हसन सलीम को 24वीं इन्फैंट्री डिविजन का जीओसी बनाया गया है। ये बड़ा फेरबदल तारिक रहमान की नई बीएनपी सरकार के लिए सेना पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। फरवरी 2024 में छात्र आंदोलन से शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंत. रम सरकार बनी थी, जिसने सेना के कई शीर्ष पदों पर अपने करीबी या पुरानी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को तैनात किया था। अब 12 फरवरी 2026 के चुनाव में बीएनपी की भारी जीत के बाद तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री बने, तो नई सरकार ने जल्दी से इन पदों पर बदलाव किए। इसके पीछे मुख्य वजह यह माना जा रहा है कि पुराने अधिकारियों (जो यूनुस सरकार या हसीना काल से जुड़े थे) को हटाकर बीएनपी के करीबी या नई सरकार के प्रति वफादार अधिकारियों को महत्वपूर्ण कमांड और खुफिया पद दे रही है, ताकि सेना नई सरकार के खिलाफ कोई असंतुलन पैदा न करे और सेना मजबूत हो सके। सेना के बड़े पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति से नई सरकार को सेना का साफ समर्थन मिलेगा।

# डा. यूनुस ने नहीं किया संविधान के तहत काम

## मुझे हटाने की रची गई साजिश: बांग्लादेशी राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने लगाया गंभीर आरोप

**ढाका।** बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ अखबार ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए,



■ शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया

लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें 'पूरी तरह अंधेरे में रखा गया' और कोसोवो तथा कतर की उनकी प्रस्तावित दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गईं। शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया। वह न तो मेरे पक्ष में थे और न ही मेरे खिलाफ। स्वाभाविक रूप से मैंने भी उनसे किसी तरह की मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक हलकों ने भी उन्हें असंवैधानिक तरीके से हटाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने 'एक बड़ी ताकत' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के उग्र छात्र आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के दौरान उन्हें हटाने के बार-बार प्रयास किए गए, लेकिन सेना और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थन से संवैधानिक निरंतरता बनी रही। उन्होंने कहा कि एक समय तो मुझे हटाकर असंवैधानिक तरीके से एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति पद पर बैठाने की साजिश भी रची गई, लेकिन उस न्यायाधीश ने संविधान का हवाला देते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। शहाबुद्दीन ने 22 अक्टूबर 2024 की रात बंगभवन के बाहर हुए प्रदर्शनों को 'डरावनी रात' बताते हुए कहा कि भीड़ को उकसाया गया, राष्ट्रपति आवास को लूटने की कोशिशें हुईं, जिन्हें बाद में सेना की तैनाती से नियंत्रित किया गया।

## भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' आज से चौबट्टिया में

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन 2026' का सातवां संस्करण 24 फरवरी से नौ मार्च तक उत्तराखंड के चौबट्टिया में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास प्रतिवर्ष बारी-बारी से भारत और जापान में किया जाता है। अतिरिक्त लोक सूचना महा. निदेशालय ने एक्स पर बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच परस्पर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। पोस्ट के अनुसार दो सप्ताह के दौरान सैनिक संयुक्त योजना निर्माण को परिष्कृत करेंगे, सामरिक अभ्यासों का समन्वय करेंगे और विशेष युद्ध कौशल का अभ्यास करेंगे।

## कसराक सैन्य अड्डे से सेना को वापस बुला रहा अमेरिका: रिपोर्ट

**दमिश्क।** अमेरिका की सेना ने सीरिया के हसाका गवर्नरेट स्थित कसराक सैन्य अड्डे से अपनी वापसी शुरू कर दी है और उन्हें इराक की ओर पुन: तैनात किया जा रहा है। सीरिया टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। रिपोर्ट में इस संबंध में और विवरण नहीं दिया गया। अमेरिकी बल पहली बार 2014 में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई के नाम पर सीरिया में तैनात किए गए थे। वापसी का यह फैसला देश के कुछ हिस्सों से अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की चरणबद्ध वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले इस महीने सीरिया के अंतरिम प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका के साथ समन्वय के बाद उसकी सेना ने हसाका गवर्नरेट के शद्दादी सैन्य अड्डे और सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा के पास स्थित तन्फ अड्डे का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया है कि अमेरिका सीरिया से अपने लगभग 1000 सैनिकों को पूरी तरह वापस बुला रहा है। शेष अमेरिकी बलों के अगले दो महीनों के भीतर देश छोड़ने की संभावना है, जिससे सीरिया में एक दशक से चली आ रही अमेरिकी सैन्य मौजूदगी का अंत हो जाएगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108